श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 268, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रद्धये श्री आत्मन्

दिपावली पर्व ज्ञान का पर्व है। किसी भी दो रचनाओं के बीच दूरी कम होने पर अंदर से ज्ञान प्रकट होता है और हम आध्यात्मिक वैज्ञानिक के रूप में यह सिद्ध करते हैं कि दूरी के अभाव में सत्य की अनुभूति होती है। सत्य ज्ञान का ही अस्तित्व है व इसी ज्ञान को शक्ति, शान्ति, आनन्द, अमरता व परब्रह्म कहते हैं। वर्तमान समय आरोही द्वापर युग का 322वाँ वर्ष है। सामान्यतः दिपावली पर्व जिस प्रकार मनाया जाता है वो ठीक है, परन्तु युग के अनुसार दिपावली पर्व का वास्तविक स्वरूप क्रियायोग ध्यान की गहराई प्रकट होता है। क्रियायोग ध्यान में हम शरीर और मन के बीच दूरी कम करते हैं जिससे अंदर एक ज्योति प्रकट होती है। इसी ज्योति को ज्ञान की ज्योति कहते हैं। यह ज्ञान की ज्योति जब सिर और रीढ में बुझे हुए ज्ञान के दीप (मूलाधर, स्वाधिष्टान, मणिपुर, अनहत, विशुद्धि, आज्ञा, सहस्त्रार) को जगाती है, तो ये सातों ज्ञान के दीप जल उठते है। इस अवस्था में अपना स्वरूप प्रकाशमय हो जाता है और हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल पड़ते है।

मानव जीवन का लक्ष्य सत्य व अहिंसा की अनुभूति करना है। इस अनुभूति में समय व दूरी का अभाव होता है, यही योग की अवस्था है। क्रियायोग के अभ्यास से एक ही जन्म में योग की अवस्था प्राप्त हो जाती है। योग की अवस्था में स्वरूप में चौदह भुवन का दर्शन होता है, जिसकी उत्पत्ति धन *(निराकार सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी चौतन्य अस्तित्व)* से है। तेरहवें भुवन के धन को धनतेरस कहते हैं, इसे अनन्त धैर्य व आत्म प्रेम संतृप्त विनम्रता कहते हैं, और इसे छठें स्वर्ग की अलौकिक शक्ति कहते हैं। यह अनुभव होने के पश्चात ही हम चौदहवें भुवन (*सत्य लोक – सातवां स्वर्ग*) में हम प्रवेश कर सकते हैं। सत्य लोक में प्रवेश करने पर हम कैवल्य अवस्था प्राप्त करते हैं, यही मानव जीवन का लक्ष्य है।

DIWALI IS FESTIVAL OF AWAKENING OF THE KNOWLEDGE *(LIGHT)* HIDDEN WITHIN

It has been proved that the source of knowledge is the process of union - how to reduce distance between two. Let us think how to reduce distance between two. We select that which is nearest of near – body and mind. To reduce distance between body and mind, we place mind on body. In the process, power is generated known as yoga agni. That power (yoga agni) starts awakening of the lamps which are silent and in dormant state within the spiritual channel in the brain and spinal cord. The places of those lamps are known as seven churches and the lamps are known as the chakras – mooladhar, swadhisthan, manipur, anahat, vishuddhi, agya and sahasraar.

The moment we reduce distance between body and mind and distance becomes zero, we realize perfect knowledge. All dormant knowledge within brain and spinal cord gets awakened. Then, we experience only one thing – Eko ahem bahushyami – God Alone Exists. Realization of this Truth is called perfection of Diwali festival. However, the way people celebrate today as Diwali festival is also correct. In future, Diwali festival will be celebrated as has been explained above. As the present time is ascending Dwapara Yuga, the celebration of Diwali festival has to be re-arranged.

www.Youtube.com/YogiSatyam | www.Kriyayoga-YogiSatyam.org | Contact@Kriyayoga-YogiSatyam.org

खबर संक्षेप

बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता मे लिया हिस्सा

नैनी। धनतेरस पर्व एवं दीपावली से पूर्व नैनी के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली, फैंसी ड्रेस कंपटीशन समेंत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।रामप्रसाद एकेडमी, गोविंदपुरम कॉलोनी चाका नैनी में बच्चों के लिए ड्रेस कंप्टीशन, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, खेलकूद समेंत अन्य प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। संचालन दीपक पांडेय ने किया। प्रधनाचार्य सुषमा सिंह ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर उन्हे प्रोत्साहित किया। श्रीमति डी सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंग्रेजी माध्यम की प्रधानाचार्य मनीषा भारद्वाज एवं हिन्दी मीडिएम के प्रधानाचार्य आरएल साहू ने प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले यलो हाउस, रेड हाऊस समेंत अन्य प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया

रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत तीसरा घायल

अखंड भारत संदेश

स्थानीय थाना क्षेत्र के कटका ओवर ब्रिज पर बाइक व रोडवेज में हुईं आमने सामने की टक्कर

दुर्घटनाग्रस्त बाइक व मृतक की फाइल फोटो

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के कटका ओवर ब्रिज पर एक बाइक व रोडवेज बस में आमने सामने से टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई तीसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को एसआरएन भेज आवागमन सुचारू कराया। रेलवे दोहरीकरण की वजह से अंदावा ओवर ब्रीज पर मरम्मत का कार्य चल रहा है जिसकी वजह से एक लेन बन्द है। दक्षिणी लेने से अवागम चल रहा है। रविवार दोपहर एक ही बाइक पर सवार तीन दोस्त हरिकिशन गुप्ता 30 पुत्र रामनारायण गुप्ता, वरुण भारतीया 23 पुत्र रामू भारतीया, गोविंद भारतीय 25 पुत्र बऊ शहर से अपने घर सरायइनायत के भागीपुर आ रहे थे। कटका ओवर ब्रिज पर वाराणसी की ओर से आती रोडवेज बस और बाइक में आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें वरुण व हरिकिशन की मौत हो गई गोविन्द की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे की खबर तीनों के घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया हरिकिशन नवरा बलिया का रहने वाला है भागीपुर वरुण के कमरे में रह कर तीनो ग्लास लगाने का काम करते थे। दीपावली पर हरि किशन को अपने घर बलिया जाना था इसलिए तीनों शहर में जहां काम किये थे उसी का पैसा लेने गए थे। वही से लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए।

कोरांव का उत्तम दुवेदी हत्या कांड हंगामे की ओर...

पुलिस ने हत्याभियुक्त के बयान पर की कार्यवाही,मृतक के परिजन असंतुष्ट

अखंड भारत संदेश

कोरांव। कोरांव का उत्तम हत्याकांड का मुख्य आरोपी आला कत्ल हथियार के साथ जेल चला गया किंतु परिजन असंतुष्ट दिख रहे। उक्त घटना में मृतक के पिता ने नामजद तहरीर दी थी। जब मुलजिम पकड़े गए तो सब के बयान पुलिस टीम ने अलग अलग लिए जिससे सच्चाई सामने आ जाए। और पुलिस ने वही कार्यवाही की जो हत्या का मुख्य आरोपी मनीष सिंह ने बयान लिया। जिससे अन्य नामजद बच गए। किंतु प्रश्न यह है कि जितने लोग घटनास्थल पर थे क्या एक हत्या करने या हमला करने वालों को इतने सारे लोग बीच बचाव तक नहीं किए जबकि वहां अधादर्जन से ज्यादा लोग मौजूद थे। जिसमें छात्राएं भी थीं। इस मामले में मृतक के परिजन पुलिसिया कार्यवाही से नाराज दिख रहे। और हत्या में शामिल अन्य वास्तविक लोगों की गिरफ्तारी न किए जाने पर अनशन करने की चेतावनी दे दी है।

बोले विधायक कोरांव

,,उक्त घटना से बहुत दुखी हूं,जिसने हत्या की उसे पुलिस ने पुलिस अधिकारियों के सामने जुर्म कुबूल किया। और उसे जेल भेजा गया। मेरी निरंतर पुलिस अधिकारियों से बातचीत चल रही है। अगर उसमें और लोग भी शामिल हैं तो निश्चय कार्यवाही होनी चाहिए। लोग कानून व्यवस्था के साथ रहें। इस घटना में किसी भी अपराधी को चाहे कोई कर्मचारी अधिकारी ही क्यों न हो उन्हे बख्शा नहीं जाना चाहिए।,,

राजमणि कोल
भाजपा विधायक कोरांव
प्रयागराज

न्यूज झरोखा...

सोमेश्वर महादेव मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

नैनी। सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से कार्यक्रम अधिकारी आत्म प्रकाश यादव जी के नेतृत्व में दीपावली के पूर्व संध्या पर रविवार को श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।जिसमें सपा के निवर्तमान महासचिव श्याम लाल यादव (मोनू यादव) ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई एवं समाज से स्वच्छता के प्रति अपील भी की, महिला मोर्चा से सुनीता द्विवेदी एवं प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी ने कहा कि दीपावली पर हम सब मां लक्ष्मी के आगमन हेतु जैसे अपने अपने घरों में साफ सफाई करते हैं वैसे ही हमें मां गंगा यमुना सरस्वती के तटों एवं मंदिरों पर भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए, जिससे चहुंओर वातावरण स्वच्छ रहें। कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, संदीप सिंह, महेश प्रसाद केसरवानी, ऋषि दीक्षित,डां एस.बी.यादव,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, संदीप कुमार सिंह,डां एस आर द्विवेदी,दया शंकर पाण्डेय, कार्तिकेय तिवारी,तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाएं दीपावली का त्यौहार : आशा सोनी

करछना। हर्षोल्लास से मनाये दीपावली बिधि बलिदान से गणेश लक्ष्मी जी की करें पूजा आशा सोनी आंगनबाड़ी केंद्र जगौती में बैठक के माध्यम से आशा सोनी ने बताया कि दीपावली पर घर की साफ-सफाई के बाद लक्ष्मी गणेश जी की पूजा शुभ मुहूर्त में बिधि बिधान से करें एक बात का ध्यान रखें यदि पटाखा बजाना है तो आवाज वाले पटाखे न बजावे जानबूझ कर दीक्कत मोल न लें खुशी का त्योहार हर्षोल्लास से मनायें।

नगर निगम परिषद ने मोहल्ले में कराया छिड़काव

नैनी। रविवार को नगर निगम परिषद से आए हुए कर्मचारी मनोज हेला और उनके सहयोगी राजू हेला आप दोनों ने एडीए कॉलोनी ए ब्लॉक पर अपनी सेवा मोहल्ले गलियों में मच्छर मारत कीटनाशक दवाई का छिड़काव करके मोहल्ले वालों को त्यौहार के दिन मच्छरों के द्वारा जो बीमारी फैल रही है उससे चिन्ता मुक्त किया जिसमें जिला अपराध निरोधक समिति के यमुनापार यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा एवं उनके पड़ोसी एडवोकेट संजीव राय श्री स्वर्णकार जी नितिन श्रीवास्तव सोनू पांडे आदि मोहल्ले के लोग उपस्थित थे ये कार्य आगे भी नैनी के मोहल्ला नगरों में कराया जाएगा जिससे कि हमारा नैनी का समाज स्वस्थ और खुशहाल रह सके मैं अनुरोध करूंगा अपनी टीम से वे भी समाज में इस तरीके का कार्य करें और लोगों को स्वस्थ और भी बीमारी मुक्त रहने में सहयोग करें।

सांसद केशरी देवी ने व्यापारिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन कर दीपावली की दी बधाई

शंकरगढ़। फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने धनतेरस और दीप पर्व की सभी जनपदवासियों को बधाई दी है। अपने संसदीय क्षेत्र फूलपुर और प्रयागराजवासियों को बधाई देते हुए सभी के खुशहाल जीवन की कामना की है।अपने पैतृक गांव पहुंची सांसद केशरी देवी ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। पंचबंधु गारमेंट्स (लाइनपार, पटहट रोड) का उद्घाटन करने पहुंची सांसद ने फीता काटकर उद्घाटन किया और धनतेरस के मौके पर खरीदारी भी की। इस दौरान उनसे मिलने वाले भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं का तांता लगा रहा। सांसद केशरी देवी पटेल के आगमन की सूचना पर शंकरगढ़ में तमाम समर्थकों की भी भीड़ लगी रही। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी, प्राचार्य अनय प्रताप सिंह, डॉ विनोद त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, प्रकाश चंद्र मिश्रा,पूर्व प्रधान कल्याणपुर नरेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, बृजेश सिंह, गुलाब सिंह, सुधा गुप्ता, अनूप केशरवानी, रोहित केसरवानी, सुजीत केसरवानी, अखिलेश सिंह, संदीप सिंह समेत तमाम कस्बावासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

दीपावली पर सजे बाजार लोगों की रही भीड़

थरवई पुलिस ने जरूरतमंदों में बांटे फल एवं मिष्ठान

अखंड भारत संदेश

सहसों। प्रकाश उत्सव की खुशियों के त्यौहार दीपोत्सव पर बाजारों में विभिन्न प्रकार की दुकानों पर खरीदारी के लिए काफी चहल-पहल के साथ भीड़ लगी रही। इस अवसर पर बाजारों में पटाखों की दुकान,लाई गट्टी, चीनी के खिलौने, माला फूल तथा परचून की दुकानों पर लोगों ने देर रात तक खरीदारी की। सुख समृद्धि एवं संपन्नता के लिए लोगों ने गणेश-लक्ष्मी के अतिरिक्त हनुमान जी, दुर्गा जी,कुबेर सहित दीपक व दिवाली की भी जमकर खरीदारी की। पूजन हेतु विभिन्न प्रकार के रंगों के अतिरिक्त पूजन सामग्री की भी खरीदारी की। इसके अलावा लोगों ने भगवान के भोग लगाने के लिए मिष्ठान की भी खरीदारी किया।

सहसों। दीपावली के इस पावन त्यौहार के पूर्व संध्या पर थरवई पुलिस द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंदों में त्यौहार के उपलक्ष्य पर फल मिष्ठान एवम अंगवस्त्रम का वितरण किया गया। थाना थरवई अंतर्गत ग्राम सभा देवरिया में रविवार को थाना प्रभारी थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में आदिवासी मूसहर समाज के परिवारों में अंगवस्त्र, मिठाई, पटाखे, फल आदि का वितरण कर सभी को दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए कुशल क्षेम पूछा गया। जिससे उन गरीब परिवारों का सुचारु रुप से दीपावली का त्यौहार मनाया जा सके। सामग्री इत्यादि पाकर मुसहर समाज के बच्चों की आंखों व चेहरे पर बहुत खुशी दिखाई दिया। इस मौके पर थाना थरवई के सब इंस्पेक्टर सोहराब आलम एवं जनार्दन प्रसाद कांस्टेबल, राकेश कुमार सहित विहिप के विष्णू कुमार दूबे स्वामी जी आदि मौजूद रहे।

एक मंच पर तेरह दिन में 483 कलाकारों की प्रस्तुति ने बनाया कीर्तिमान : प्रियांशु

अखंड भारत संदेश

नैनी। एक माह से यमुना पार उद्योग नगर परिसर में चल रहे हैं स्वदेशी शिल्प महोत्सव का समापन शनिवार को सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ एक माह से चल रहे इस मेले में यमुनापार सहित प्रयागराज के क्षेत्र वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा सांस्कृतिक संध्या में प्रयागराज के किसी मंच पर 48 विधाओं में 483 कलाकारों की प्रस्तुति से नया कीर्तिमान बना ।

संस्था के सांस्कृतिक प्रभारी, मशहूर गायक एवं उद्घोषक प्रियांशु श्रीवास्तव ने यमुना पार क्षेत्र वासियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुओं को मेले में विपणन के लिए रखा गया था तथा मनोरंजन एवं लोक कला के संवर्धन हेतु नई प्रतिभाओं को मंच पर लाकर उनको प्रोत्साहन देना संस्था का उद्देश्य स्थानीय

कलाकारों एवं क्षेत्रवासियों ने ही पूर्ण कराया ,संस्था के सचिव दत्तात्रेय पांडे ने बताया कि आयोजन के आखिरी दिन प्रयागराज मंडल के विविध विधाओं में रचनात्मक कार्यों में अपना उल्लेखनीय योगदान देने के लिए वाले 75 महानुभावों को गांधी स्मृति पदक से सम्मानित भी किया गया ।इसके बाद मशहूर कवि श्री सुशील कुमार कुमार हर्ष के संयोजन में काव्य संध्या का आयोजन हुआ जिसमें जानी-मानी कवियित्री नीलिमा जी, प्रतिमा मिश्रा, कृष्णा कांत कामिल सहित काव्य जगत के कई धुरंधर संगीत आचार्य शिखा गुप्ता,चंद्रानी गुप्ता ,सुभम केसरवानी शिखा सिंह आशीष शर्मा शामिल रहे।इसी तरह शर्मा के गीतों से हुआ कार्यक्रम के अंत में संस्था के संरक्षक शशांक शेखर पांडे ने समस्त प्रतिभागियों को अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि कार्यक्रम के समापन पर 13 दिन प्रयागराज के 75 महानुभाव का सम्मान विविध क्षेत्रों में उनके रचनात्मक कार्यों के लिए सराहना की।

प्रशासन पर फर्जी ढंग से फंसाने का लगाया आरोप

जंघई। अलापुर गाँव निवासी रेलवे व पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष मछलीशहर विपुल सिह ने प्रशासन पर फर्जी ढंग से फंसाने का प्रयास करने और रात मे प्रयागराज स्थित आवास मे घेरने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाल कर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। विपुल सिंह के अनुसार झूंसी स्थित उनके आवास मे रात को दो बजे पुलिस प्रशासन द्वारा घेर लिया गया उनके मकान के पीछे से छत पर चढ़ने का प्रयास किया गया।सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की गयी जब अगल बगल के लोगो ने विरोध किया तो वह लौट गये लेकिन उन्होंने आरोप लगाया है की डेढ़ दर्जन की संख्या मे पुलिस प्रशासन के लोगो ने बिना किसी नोटिस और सूचना को उनके घर को घेर लिया। उनका आरोप है की प्रशासन के लोग पता नहीं क्यों उन्हे फर्जी ढंग से फंसाना चाहते है। उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है तथा दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बीएनटी कॉलेज मेजारोड ने जीती सबजूनियर वॉलीबाल की शील्ड.

अखंड भारत संदेश

वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवा की टीम बनी उपविजेता

मेजा। स्थानीय ऊँचडीह बाजार वॉलीबाल के खेल मैदान पर यूनाइटेड वॉलीबाल क्लब के सौजन्य से डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के तत्वावधान में विभिन्न श्रृंखलाओं में आयोजित की जाने वाली वर्तमान सत्र 2022-23 की तीसरी सब जूनियर बालकों की ₹ वालीबाल लीग प्रतियोगिता ₹ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ और वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवाकलां,मांडा के बीच पांच सेटों का खेला गया। जिसमें बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ की टीम ने वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवा,मांडा की टीम को सीधे तीनों सेटों में 30 - 28, 25 - 17 और 25 - 19 अंकों से हराकर सबजूनियर वॉलीबाल लीग प्रतियोगिता की शील्ड जीत ली। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जी.आई.सी.समहन, मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर,मांडा, बीएनटी कॉलेज मेजारोड, अरई आदर्श क्लब, वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज महेवा आदि टीमों के बीच मैच खेला गया। प्रतियोगिता के खेलें गए अन्य मैचों में बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ ने समहन की टीम को 25 - 16 और 25 - 18 अंकों से, स्पोर्टिंग क्लब बामपुर,चेहरा ने वॉलीबाल क्लब गरेथा को 25 - 19 और 25 - 22 अंकों से, बीएनटी कॉलेज मेजारोड़ ने वॉलीबाल क्लब गुनई,मेजा की टीम को 25 -17 और 25 -19 अंकों से, स्पोर्टिंग क्लब महेवा ने नव युवक क्लब बरहा कलां को 25 -23 और 25 - 21 अंकों से तथा स्पोर्टिंग क्लब समहन ने वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर को 25 - 17 और 25 - 21 अंकों से, मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर की टीम अपने अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह ग्राम प्रधान मुन्ना लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के संरक्षक श्यामकांत शुक्ल उर्फ लहरी भइया ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार वितरित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करने के उपरांत प्रतियोगिता में पधारें समस्त खिलाड़ियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन समिति की ओर से अनूप तिवारी ने सभी अतिथियों को बैच व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर बाबा गिरी, राजेश तिवारी, राजू तिवारी, प्रांजल दुबे, कमलेश शर्मा, संतोष भास्कर, अनुराग शुक्ला, राकेश भास्कर, आदिल अंसारी व आकाश कुशवाहा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

घेराबंदी कर चोरी का लैपटॉप व पांच बम के साथ आरोपित पकड़ा ,भेजा जेल

अखंड भारत संदेश

आरोपित के अन्य साथियों को धरपकड़ में जुटी पुलिस

घूरपुर। घूरपुर पुलिस ने घेराबंदी कर क्षेत्र से एक चोर को पकड़कर उसके पास चोरी का एक लैपटॉप व पांच देशी बम बरामद कर पकड़े गए चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार को मुखबिर द्वारा मिली सूचना मिली कि जसरा रेलवे फाटक के पास चोरी का लैपटॉप लेकर एक युवक किसी ग्राहक के इंतजार में खड़ा है ।सूचना मिलते ही प्रभारी ने चौकी प्रभारी गौहनिया को मौके पर जाकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने का निर्देश दिया । चौकी प्रभारी अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो आरोपित पुलिस टीम देखते ही भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर आरोपित को पकड़कर थाने ले आकर तलाशी ली तो उसके पास से एक चोरी का लैपटॉप ,चार्जर व झोले में पांच देशी बम बरामद हुआ । पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति का नाम करन चमार उर्फ पंकज कुमार निवासी जसरा बताया है। करन को पुलिस ने जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार के मुखबिरो द्वारा बिछाए जाल में इस तरह के कई चोर अब तक पुलिस के गिरफ्त में आ जेल जा चुके हैं। आरोपित ने पुलिस के पूछताछ में अपने कई अन्य साथियों का भी नाम बताया है। थाना प्रभारी ने उसके अन्य साथियों को धरपकड़ में पुलिस टीम लगा दी है।

महंगाई ने किया सिलेंडर एक हजार के पार बिनती सुन ले सरकार : विपिन बिहारी

अखंड भारत संदेश

खीरी रामगढ़ गांव में बेलन घाटी साहित्यिक काव्य दीपोत्सव समारोह आयोजित

पूर्वजों से सीख लेकर आगे बढ़े युवा - दिवाकर प्रताप सिंह

राष्ट्रवादी कवि, अभिषेक द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, बिहारी लाल अंबर, ओज एवम बीर रस के प्रखर कवि बबलू सिंह बहियारी आलोक ने अपने अपने विधाओं की काव्य रचनाएं पढ़कर

रत्योरा। कोरांव क्षेत्र की ऐतिहासिक व पौराणिक बेलन नदी घाटी की सभ्यता को जीवंतता प्रदान करने वाली बेलन नदी के तलहटी व विंध्य क्षेत्र के कैमूर पर्वत के गोद में स्थित खीरी रामगढ़ गांव में रविवार को बेलन घाटी साहित्यिक काव्य एवं दीपोत्सव समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जहां दूरदराज से आए हुए कवियों ने बेलन नदी घाटी की के विशेषताओं व ऐतिहासिक पौराणिक आख्यानों पर आधारित कविताएं व रचनाएं पेश कर बेलन नदी घाटी सभ्यता की प्रासंगिकता व उपयोगिता से लोगों को परिचित कराया। कवियों ने बेलन नदी व रामगढ़ गांव की महत्ता पर भी काव्य रचनाएं पढ़ी। कवि बिपिन बिहारी तिवारी ने महंगाई से परेशान जनता के दर्द को पढ़ते हुए कहा कि महंगाई ने किया सिलेंडर एक हजार के पार विनती सुन ले सरकार की लाइनों पर लोगों ने खूब ठहाके लगाए। इसी प्रकार कवि सुधा कांत मिश्र बेलाला जी, पंडित सुशील शुक्ला हर्ष, केसरी प्रसाद नंदन, कृष्णा कांत कामिल गजल कार, पंडित अजय देश प्रेमी लोगों को भाव विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने उपस्थित युवाओं से अपने पूर्वजों से सीख एवं प्रेरणा लेकर लगातार आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर हम और आप अपने पूर्वजों एवं अग्रजों से सीख नहीं लेंगे तो आगे नहीं बढ़ेंगे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजा मांडा स्वर्गीय बीपी सिंह एवं अपने परिवार के सभी वरिष्ठ जनों को नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह से अपने पूर्वजों से सीख लेने की अपील की। कवि सम्मेलन एवं दीपोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता का कवि पंडित कृष्ण देव मिश्र एवं संचालन कवि ठाकुर इलाहाबादी ने किया। खीरी रामगढ़ गांव में कवि सम्मेलन एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन पंडित धर्म प्रकाश शुक्ला वरिष्ठ समाजसेवी के सौजन्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह, भरत सिंह, इंद्रेश तिवारी, सोमदत्त मिश्रा के द्वारा आए हुए अतिथियों एवं कवियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

Notice

"Notice is hereby given that, Rodrigo Bazzo Dinardi, son of Elson Dinardi , is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary."

Notice

"Notice is hereby given that Elizabeth Cahill, daughter of Arthur Joseph Cahill is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary."

श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 268, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 24 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

पीएम मोदी ने सूरयू की पूजा कर उतारी आरती, एक समय था जब देश में श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाए जाते थेः पीएम

अयोध्या में भव्य, दिव्य, दीपोत्सव

अयोध्या/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीये की रोशनी को सबके साथ जुड़ाव और विश्व कल्याण का प्रतीक बताते हुए कहा कि दीपावली के दीपक हमारे लिए केवल एक वस्तु नहीं है। ये भारत के आदर्शों, मूल्यों और दर्शन के जीवंत ऊजापुंज हैं। प्रधानमंत्री ने रविवार को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज अयोध्या जी, दीपों से दिव्य हैं, भावनाओं से भव्य हैं, आज अयोध्या नगरी, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम अध्याय का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि हमने त्रेता की उस अयोध्या के दर्शन नहीं किए, लेकिन प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से आज हम अमृतकाल में अमर अयोध्या की अलौकिकता के साक्षी बन रहे हैं। हम उस सभ्यता और संस्कृति के वाहक हैं, पर्व और उत्सव जिनके जीवन का सहज-स्वाभाविक हिस्सा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जगत प्रकास्य प्रकासक रामू। अर्थात, भगवान राम पूरे विश्व को प्रकाश देने वाले हैं। वो पूरे विश्व के लिए एक ज्योतिपुंज की तरह हैं। ये प्रकाश कौन सा है? ये प्रकाश दया और करुणा का है। मावनता और मयार्दा का, समभाव और ममभाव का और सबको साथ लेकर चलने का है। उन्होंने कहा कि मध्यकाल और आधुनिककाल तक भारत ने कितने अंधकार भरे युगों का सामना किया है। जिन झंझावातों में बड़ी-बड़ी सभ्यताओं के सूर्य अस्त हो गए, उनमें हमारे दीपक जलते रहे, प्रकाश देते रहे और फिर उन तूफानों को शांत कर उद्दीप्त हो उठे। दीप से लेकर दीपावली तक, यही भारत का दर्शन और भारत की सोच है। यही भारत की सनातन संस्कृति है। पीएम मोदी ने धर्मध्वज के पास पहला दीपक जलाया। इसके बाद पूरी अयोध्या में 50 लाख दीये जलाए गए। पीएम ने आगे कहा, "भगवान राम ने अपने वचन में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा वो सबका साथ-सबका विकास की प्रेरणा हैं और सबका विश्वास-सबका प्रयास का आधार भी हैं। इस बार दीपावली एक ऐसे समय में आई है, जब हमने कुछ समय पहले ही आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं, हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आजादी के इस अमृतकाल में भगवान राम जैसी संकल्प शक्ति देश को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।" सियावर रामचंद्र की जय कहकर प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संबोधन समाप्त किया।

सीएम योगी ने भगवान राम की अगवानी की

सीएम योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम की अगवानी की। तिलक लगाकर आरती उतारी। वहीं, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने हाथ जोड़कर श्रीराम और सीता को प्रणाम किया। पीएम मोदी के अयोध्या पहुंचने पर सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उनका स्वागत किया। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता को संबोधित किया। सीएम ने कहा, "कुछ लोगों ने अयोध्या को वीरान बना दिया था। ढट मोदी ने राम मंदिर का भूमिपूजन कर इसके विकास का नया अध्याय शुरू किया।"

छोटी दीवाली... बड़ा धमाका

पाकिस्तान को विराट ने हरा दिया

53 बॉल में 82 रन, हार्दिक के साथ 113 रन की साझेदारी, आखिरी ओवर में सिक्स; सब पलट दिया

मेलबर्नः भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2022 सबसे बड़ा मैच जीत लिया। पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया। हीरो रहे विराट कोहली, जिन्होंने 82 रन की नाबाद पारी खेली। 31 रन पर 4 विकेट खो चुकी इंडिया को संभाला। हार्दिक के साथ 113 की पार्टनरशिप की। आखिरी ओवर में जब 16 रन चाहिए थे, तब कोहली ने ही नो बॉल पर सिक्स लगाकर टीम को जीत की ओर मोड़ा। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। भारत-पाकिस्तान का मैच एमसीजी स्टेडियम में 1 लाख और पूरी दुनिया में टीवी और डिजिटल प्लेफॉर्म्स पर करीब 25 करोड़ दर्शकों ने देखा। मैच में 5 फैक्टर्स ऐसे रहे, जिसने मेलबर्न की हवा का रुख भारत के नाम कर दिया।

जय हे...जय हे...गाते भावुक हुए रोहितः राष्ट्रगान के दौरान आंखें बंद कर इमोशंस काबू किएः मेलबर्न स्टेडियम में रविवार को राष्ट्रगान के दौरान रोहित शर्मा भावुक हो गए। जय हे...जय हे... गाते हुए अपने इमोशन को काबू किया और आंखें बंद कर खुद को रोका। इस इमोशनल मोमेंट के फोटोज वायरल हो रहे हैं।

तस्करों को गोली मारने का फैसला

चंडीगढ़ः पंजाब में इस साल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 150 से अधिक ड्रोन गतिविधियों को दर्ज किया गया है। इससे निपटाने का प्लान भी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बना लिया है। पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन मार गिराने पर बीएसएफ जवानों को पुरस्कार मिलेगा। वहीं अगर कोई भारतीय तस्कर सीमा पर नशे और हथियारों की खेप उठाने जाता।

राजीव गांधी फाउंडेशन का लाईसेंस रद्द

नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने 30 साल पुराने राजीव गांधी फाउंडेशन (आरजीएफ) का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। राजीव गांधी फाउंडेशन गांधी परिवार से जुड़ा एक एनजीओ है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को एनसीजी का फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेग्युलेटिंग एक्ट (एफसीआरए) लाइसेंस रद्द कर दिया। संगठन पर विदेशी फंडिंग कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगा है।

2 साल से जांच कर रही थी विशेष कमेटीः जुलाई 2020 में एमएचए ने एक कमेटी का गठन किया था। दो साल बाद उसी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर फाउंडेशन को रद्द करने का फैसला लिया गया। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं, जबकि अन्य ट्रस्टियों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं। लाइसेंस रद्द करने की सूचना एफसीआरए के पदाधिकारियों को भेजी गई है।

30 साल पहले हुई थी स्थापनाः आरजीएफ की स्थापना राजीव गांधी के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए 21 जून 1991 में हुई थी। फाउंडेशन ने 1991 से 2009 तक हेल्थ, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, विमन एंड चिल्ड्रन, डिसेबिलिटी सपोर्ट जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया है। फाउंडेशन की वेबसाइट के मुताबिक इसने एजुकेशन के लिए भी काम किया।

दिल्ली में एयर क्वालिटी हुई खराब

नई दिल्लीः दिल्ली में स्मॉग फिर वापस आ गया है। दिवाली से एक दिन पहले एयर क्वालिटी इतनी ज्यादा खराब है कि आज पूरी राजधानी में धुंआ छाया हुआ है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के मुताबिक, दिल्ली में सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स 251 दर्ज किया गया। इसकी वजह से राजधानी में कोहरे का माहौल रहा। पूर्वी दिल्ली में भी कुछ इस तरह का माहौल रहा। अक्षरधाम मंदिर के पास एयर क्वालिटी खराब होने के कारण कोहरा छाया रहा। वहीं

वाहनों की आवाजाही में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से ही राजधानी में खराब एयर क्वालिटी दर्ज की जा रही है। कल शाम यानी शनिवार को ओवरऑल राजधानी में अदक266 था। अगर बात करें दिल्ली यूनिवर्सिटी की तो यहां सबसे ज्यादा खराब एयर क्वालिटी रही।

इसरो के सबसे भारी रॉकेट से 36 सैटेलाइट लॉन्च

बेंगलुरूः भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शनिवार-रविवार आधीरात बाद 12:07 बजे अंतरिक्ष के क्षेत्र में इतिहास रच दिया। इसरो ने इतिहास रचते हुए वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में कदम रखा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के सबसे भारी राकेट 43.5 मीटर लंबे एलवीएम-3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश स्टार्टअप के 36 उपग्रहों को लेकर उड़ान भरी। प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से किया गया। एलवीएम3-एम2/वनवेब इंडिया-1 मिशन के तहत इन संचार उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया। 8,000

किलोग्राम तक के उपग्रहों को ले जाने में एलएमवी-3 सक्षम है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने प्रक्षेपण पर खुशी जताते हुए कहा कि दुनिया में उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए राकेट की कमी है। ऐसे में भारत अपने एलवीएम-3 राकेट के साथ वैश्विक वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में इस कमी को दूर कर सकता है। वनवेब निजी उपग्रह संचार कंपनी है। भारत की कंपनी भारती एंटरप्राइजेज वनवेब में एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक है। इस प्रक्षेपण के साथ ही 'एलवीएम-3' वैश्विक वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण बाजार में कदम रखेगा। 'एलवीएम-3' को पहले 'जीएसएलवी एमके-3' राकेट के नाम से जाना जाता था। अंतरिक्ष विभाग और अंतरिक्ष एजेंसी की वाणिज्यिक शाखा के तहत काम करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उद्यम (सीपीएसई) न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने ब्रिटेन स्थित वनवेब के साथ दो प्रक्षेपण अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

हरियाणा में सफाई का संकट गहराया

कर्मचारियों ने 26 तक हड़ताल बढ़ाई, सरकार का एस्मा बेअसर

चंडीगढ़ः हरियाणा में सफाई का संकट गहरा गया है। मांगें पूरी न होने कर्मचारियों ने हड़ताल 26 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। हालांकि सरकार ने हड़ताल को लेकर एसेंशियल सर्विसेज मैनेजमेंट एक्ट (एस्मा) लागू किया है, लेकिन यह बेअसर होता दिखाई दे रहा है। वहीं बिगड़ते हालात देख सरकार ने खुद सफाई का मोर्चा संभाल लिया है। अब पुलिस सुरक्षा में सफाई के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वहीं वैकल्पिक इंतजाम के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों पर होमगार्ड और रोडवेज चालकों की तैनाती की जा रही है। सफाई के लिए हरियाणा

कौशल रोजगार निगम के तय रेट पर रखे सफाई कर्मचारियों की मदद ली जा रही है।

सरकार की सफाई मशीनों का विरोध करेंगेः दिवाली के त्योहार पर सफाई कर्मियों की हड़ताल से प्रदेश के शहर कूड़े के ढेर में बदलते जा रहे हैं। कर्मियों की हड़ताल के कारण शहरों में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। अब सरकार की ओर से मशीनों से कराई जाने वाली साफ सफाई का कर्मचारी विरोध करेंगे।

पाकिस्तानी मोर्चे पर तैनात किये गए मिग-29

नई दिल्लीः भारतीय वायु सेना ने अपने उन्नत मिग-29यूपीजी लड़ाकू विमानों को श्रीनगर में तैनात किया है। 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान पाकिस्तानी हवाई हमले को देखते हुए यह तैनाती की गई है। इसी के साथ वायु सेना मिग-29यूपीजी का कुल तकनीकी जीवन (टीटीएल) 10 वर्षों तक बढ़ाने की योजना बना रही है। अभी मिग-29 लड़ाकू विमानों का टीटीएल 40 साल है, जिसे दूसरा जीवन विस्तार देकर 50 साल किये जाने पर विचार किया जा रहा है। मिग-29 का उन्नत तकनीकी जीवन 2025 से समाप्त होना शुरू हो जाएगा। भारतीय वायु सेना फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स मिग-29 के बेड़े के लिए दूसरा जीवन विस्तार कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रही है, जो उनकी सेवा अवधि को 40 साल से बढ़ाकर 50 साल कर देगा। 1986 में शामिल किये गए मिग-29 का पहला जीवन विस्तार कार्यक्रम 2000 के दशक के मध्य में शुरू किया गया था। तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने संसद में मिग-29 के तकनीकी जीवन को 25 वर्ष से बढ़ाकर 40 वर्ष किये जाने की जानकारी दी थी। वायु सेना सूत्रों के अनुसार मिग-29 विमान का उन्नत तकनीकी जीवन 2025 से समाप्त होना शुरू हो जाएगा। पहले से ही लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या कम होने और बेड़े में शामिल होने वाले विमानों की धीमी प्रगति को देखते हुए मिग-29 के बेड़े को अधिकतम समय तक सेवा में प्रभावी रखना जरूरी हो गया है। वायु सेना सूत्रों के अनुसार इस परियोजना को नासिक के पास वायु सेना के 11 नंबर बेस रिपेयर डिपो में पूरा किया जाएगा।

, जिसे रूसी मूल के लड़ाकू विमानों की मरम्मत और ओवरहाल के लिए अधिकृत किया गया है। इसमें केवल भारतीय फर्मों को ही भाग लेने की अनुमति होगी। इस परियोजना के तहत विमान के एयरफ्रेम, इंजन, एवियोनिक्स, सब-असेंबली, परीक्षण, उड़ान डेटा का विकास, जंग हटाने, भार वहन करने वाले क्षेत्रों की मरम्मत और मजबूती जैसे संरचनात्मक संशोधन शामिल हैं। वायु सेना तीन स्क्वाड्रन में रूसी मूल के लगभग 66 मिग-29 लड़ाकू विमानों का संचालन करती है। इनमें दो स्क्वाड्रन आदमपुर और जामनगर में स्थित हैं, जबकि तीसरी को हाल ही में एक मिग-21 स्क्वाड्रन को बदलने के लिए श्रीनगर भेजा गया है। पिछले दशक के उत्तरार्ध के दौरान मिग-29 में व्यापक संशोधन किये गए थे,

जम्मू-कश्मीर में बंधक बिहार के 11 बच्चों को छुड़वाया

पटनाः जम्मू-कश्मीर में बंधक बिहार के 11 नाबालिगों को छुड़वा लिया गया है। ये सभी बच्चे अपने घर शेखपुरा पहुंच चुके हैं। ठेकेदार इन बच्चों को मजदूरी के लिए जम्मू-कश्मीर ले गया था और उनसे बंधुआ मजदूरी करवा रहा था। छोड़ने के एवज में उसने एक-एक बच्चे के परिवार से सवा लाख रुपए मांगे थे। इसके बाद बच्चों के परिवार ने पुलिस ने शिकायत की। बिहार सरकार ने भी मामले में संज्ञान लिया। और जम्मू-कश्मीर पुलिस की मदद से बच्चों को छुड़वाया गया।

कांग्रेस के गढ़ में कितनी सफल होगी मोदी-शाह की रणनीति?

गुजरातः आदिवासी तय करेंगे कौन मनाएगा दिवाली?

नई दिल्लीः गुजरात में 15 प्रतिशत वोट बैंक के सहारे आदिवासी मतदाता सरकार बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। आदिवासियों के लिए आरक्षित 27 विधानसभा सीटों के आलावा भी लगभग दो दर्जन सीटों पर इनका प्रभाव है। यही कारण है कि कांग्रेस अपने इस पारंपरिक वोट बैंक को संभालने के लिए सक्रिय हो गई है तो भाजपा भी आदिवासी गौरव यात्रा निकालकर इन्हें अपने पाले में लाने की कोशिशें शुरू कर चुकी है। इस बार विधानसभा चुनाव में यह वर्ग किस दल को वोट करेगा, इस पर सबकी नजरें लगी हुई हैं। राज्य के आदिवासी मतदाताओं पर लंबे समय तक कांग्रेस की मजबूत पकड़ हुआ करती

थी। लेकिन 1990 के बाद इस वोट बैंक में बंटवारा हो गया। आज भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस वोट बैंक के अपने साथ होने का दावा करती हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी भी इन मतदाताओं पर दावेदारी जताने के लिए मैदान में है। ऐसे में माना जा रहा है कि मतदाताओं के थोड़े से बंटवारे से भी चुनाव परिणाम किसी भी पक्ष में मुड़ सकता है।

कांग्रेस कैसे बचा रही अपनी जमीनः कांग्रेस गुजरात विधानसभा चुनावों में आदिवासियों के वोटों की सबसे बड़ी दावेदार बताई जा रही है। इसका बड़ा कारण उसके पास आदिवासियों के मजबूत नेता के रूप में अनंत पटेल का होना है। पटेल आदिवासी युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं और वे लंबे समय से आदिवासियों के अधिकारों के लिए आंदोलनरत हैं।

हजरत निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे संघ नेता

सभी धर्मों का सम्मान जरूरी, तभी देश शुक्रवार को पत्थरवार बनाने वालों से मुक्त होगा

नई दिल्लीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) के नेता इंद्रेश कुमार शनिवार को हजरत निजामुद्दीन दरगाह पहुंचे। दरगाह पहुंचकर उन्होंने चादर चढ़ाई और मिट्टी के दीये जलाए। उन्होंने कहा- निजामुद्दीन दरगाह में 'मिट्टी के दीये' जलाना शांति, समृद्धि और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देता है। इंद्रेश कुमार फरर के राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक हैं।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक ने कहा- किसी को भी धर्म परिवर्तन और हिंसा करने के लिए मजबूर

नहीं किया जाना चाहिए। सभी अपने धर्म और जाति का पालन करें। दूसरे के धर्म की आलोचना या अपमान न करें। जब देश में सभी धर्मों का सम्मान किया जाएगा, तो देश शुक्रवार को पत्थरवार बनाने वाले कट्टरपंथियों से मुक्त होगा।

खबर संक्षेप

इलाहाबाद विवि छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष से सात हजार की लूट

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने सात हजार रुपये लूटने के आरोप में दो लोगों को नामजद कराया है। इसके साथ ही मारपीट, गालीगलौज व धमकी देने का भी आरोप लगाया है। सिविल लाइंस पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दिलकुशा कटरा निवासी रघुनाथ द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि उनका सिविल लाइंस रोडवेज बस अड्डे पर साइबर कैफे है। वह शनिवार की शाम 7.30 बजे के करीब कैफे पर बैठे थे। आरोप है कि तभी मो. खालिद व मो. शरीफ आ गए। इसके बाद पुताई कर रहे कर्मचारी अवधेश नारायण अग्रहरि और धर्मेंद्र अग्रहरि को मारने-पीटने लगे। उन्होंने बीचबचाव किया तो दोनों ने गालीगलौज शुरू कर दी। गोली मारने की धमकी दी। साथ ही सात हजार रुपये भी लूट लिए। आरोप है कि पुलिस के सामने भी उन्हें धमकाया गया। मारपीट में उन्हें और उनके कर्मचारियों को चोट आई। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मोबाइल चार्जिंग में लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान वहां मारपीट हुई है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

जॉर्ज टाउन पुलिस ने गाड़ी उड़ाने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

पुलिस के गिरफ्त में गाड़ी उड़ाने वाले शातिर चोर

प्रयागराज। जार्जटाउन पुलिस ने एक ऐसे वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो चोरी के बाद नीली बत्ती लगाकर वाहनों को बिहार भेज देता था। गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार कारें बरामद की गई हैं। इनमें से तीन शहर से जबकि एक मिजार्पुर से चुराई गई थीं। 17 अक्तूबर को जार्जटाउन क्षेत्र से लाल जी की बोलेरो चोरी हो गई थी। एसआई अमित कुमार चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम चोरों की तलाश में लगी थी। सीसीटीवी फुटेज के जरिए कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस चोर गिरोह तक पहुंच गई। रविवार को सरगना समेत चार सदस्यों को पकड़ लिया गया।इनमें सरगना शहनवाज उर्फ साहिल उर्फ मकसूद निवासी हथिगवां प्रतापगढ़ और उसके साथी विनोद कुमार जायसवाल निवासी दहियावां होलागढ़, राजकुमार यादव निवासी गोपालगंज बिहार और हरीश उर्फ कालू निवासी साहिबाबाद गाजियाबाद शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर चोरी की दो सैंट्रो व दो बोलरो बरामद की गईं। साथ ही एक नीली बत्ती व औजारों संग सात मोबाइल बरामद हुए। पूछने पर सरगना शहनवाज ने बताया कि उसका गिरोह पिछले कई सालों से इस काम में लगा हुआ है। करीब तीन महीने पहले ही वह जेल से छूटकर आया है। बताया कि वह लॉक तोड़ता है और फिर विनोद गाड़ी लेकर फरार हो जाता है। हरीश की मदद से राजकुमार गाड़ी को बिहार भेज देता है। रास्ते में कोई रोकटोक न हो, इसके लिए गाड़ी पर नीली बत्ती लगा दी जाती है। जार्जटाउन प्रभारी ने बताया कि शहनवाज पर 16, विनोद पर 21, राजकुमार पर आठ और हरीश पर पांच मुकदमे दर्ज हैं। सभी को जेल भेज दिया गया है।



मालगाड़ी हादसे से प्रयागराज रूट की कई ट्रेनें प्रभावित

प्रयागराज। कानपुर-प्रयागराज खंड के फतेहपुर के निकट रमवा स्टेशन के पास हुए रेल हादसे के बाद मालगाड़ी के 29 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। इसके बाद अप-डाउन दोनों लाइन बाधित हो गई है। इसमें किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई है फर भी कई ट्रेनों का रूट चेंज किया गया है।कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है।

अचानक ट्रेन का रूट चेंज करने और निरस्त करने से स्थिति काफी असहज हो गई है। यात्रियों को काफी परेशानी का शमना करना पड़ रहा है। दीपावली में घर जाने की प्लानिंग करने वाले रास्ते में ही फंसे हुए हैं।

जुए की फड़ पर पुलिस की दबिश 2 दर्जन से अधिक जुआरी पकड़े गए

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र में अलग-अलग जुए की फड़ पर दबिश देकर पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 63 हजार नगद व ताश के पत्ते भी बरामद किया गया। पुलिस ने पकड़े गए सभी जुआरियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही। दीपावली पर क्षेत्र में जगह-जगह सज रहे जुए की फड़ पर झूंसी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह के साथ एसओजी गंगापार की टीम ने उल्टा किला के पास पानी की टंकी परिसर में रविवार को जुए की फड़ पर दबिश मार 15 लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया उनके पास से 52 हजार रुपये के साथ ताश के पत्ते भी बरामद हुए। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसओजी गंगापार प्रभारी इंद्र प्रताप सिंह, एसआई धर्मेंद्र यादव, सचिन गुप्ता, एसओजी के सिपाही जितेंद्र प्रताप सिंह, दीपक मिश्रा, रवी देव, याकूब, पियूष पंकज, विनोद दुबे आदि रहे। वहीं चमनगंज चौकी इंचार्ज योगेंद्र कुमार सिंह नारायणदास पुरवा तालाब के पास फोर्स के साथ दबिश मार 7 लोगों को जुआ खेलते धर दबोचा फड़ व जुआड़ियों के पास से कुल 11 हजार रुपये मिले। पुलिस के कार्यवाही से जुआड़ियों में हड़कंप मचा हुआ है।

वेटिंग लिस्ट वालों को जनवरी-2023 में मिलेगी नियुक्ति, हाईकोर्ट के आदेश के बाद तैयारी तेज

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा-2016 में चयनित अभ्यर्थियों के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में ज्वाइन न करने से रिक्त रह गए पदों पर वेटिंग लिस्ट वालों को जनवरी-2023 के अंत में नियुक्ति मिल जाएगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। बोर्ड की ओर से जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार उच्च न्यायालय के आदेश से आच्छादित रिक्तियों को छोड़ते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से प्राप्त सभी रिक्तियों के विवरण को 15 नवंबर तक चयन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया जाएगा। मूल आवंटन के समय अपनाई गई प्रक्रिया की तरह पुनः नवीन अधिमानता भरने के लिए चयन बोर्ड की ओर से 27 नवंबर तक निर्देश जारी कर दिया जाएगा।रिक्तियों की संख्या के मुकाबले अभ्यर्थियों की नवीन अधिमानता 28 से 30 नवंबर तक प्राप्त की जाएगी। प्रत्येक अभ्यर्थी के नाम के सामने उनकी ई-मेल आईडी का विवरण प्रदर्शित करते हुए अनुपूरक पैनल-1 चयन बोर्ड एवं शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर 15 दिसंबर तक प्रदर्शित किया जाएगा। इसके बाद 31 दिसंबर तक संबंधित अभ्यर्थियों को ई-मेल के माध्यम से सूचित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से संबंधित प्रबंधतंत्र को पत्र भेजा जाएगा।संबंधित अभ्यर्थी को आवंटित संस्था में कार्यभार ग्रहण करने की अपनी इच्छा की सूचना डाक या ई-मेल के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रबंधतंत्र को भेजनी होगी और इसके बाद विद्यालय प्रबंधतंत्र की ओर से प्रस्ताव पास करके संबंधित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्रेषित करते के साक्ष्य सहित जिला विद्यालय को निरीक्षक को पत्र की प्रति भेजनी होगी। यह पूरी प्रक्रिया 31 जनवरी 2023 तक पूरी करनी होगी।

देर हुई डीआईओएस जारी करेंगे नियुक्ति पत्र

अतिरिक्त समय की मांग किए जाने की स्थिति में संबंधित विद्यालय प्रबंधतंत्र की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को सूचित करते हुए 15 फरवरी पुनः नियुक्ति पत्र भेजा जाएगा। पहले 30 दिनों या बढ़ाए गए 15 अतिरिक्त दिनों तक नियुक्ति पत्र जारी न करने या इस बारे में कोई सूचना प्राप्त न होने पर जांच के बाद संबंधित अभ्यर्थी को डीआईओएस की ओर से नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा।

15 अप्रैल तक ग्रहण करना होगा कार्यभार

नियुक्ति पत्र निर्गत होने के बाद संबंधित अभ्यर्थी को आवंटित संस्था में नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के 15 दिनों के अंदर और किसी भी स्थिति में दो माह से अधिक नहीं यानी 15 अप्रैल 2023 तक कार्यभार ग्रहण करना होगा।

घर के सामने खड़ी बाइक ले उड़े चोर

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के सरपतीपुर में घर के सामने खड़ी बाइक चोर ले उड़े। गाड़ी के स्टार्ट होते ही घर के लोग जाग गए और शोर मचाया लेकिन तब तक चोर वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर गायब हो गए मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के साथ स्थानीय थाने से भी की गई। सरपतीपुर निवासी मिथिलेश सोनकर अपनी अपाचे बाइक घर के सामने शनिवार की रात खड़ी की थी देर रात दो युवक आए और उसकी बाइक स्टार्ट करने लगे। तभी मिथिलेश के पिता जग गए और बाहर आकर शोर मचाने लगे लेकिन दोनों युवक बाइक लेकर वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर हनुमानगंज की ओर भाग निकले सूचना पर कंट्रोल रूम की पुलिस मौके पर पहुची। मिथिलेश ने मामले की लिखित शिकायत सरायइनायत पुलिस से की पर खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

दीपक से जगमग हुआ विजय नगरम हॉल

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं ने जलाए दीये आतिशबाजी से गूंजा परिसर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में खास अंदाज में धनतेरस मनाई गई। विश्वविद्यालय की महिला शिक्षिकाओं ने दीप जलाकर विजियानागराम हाल को जगमग कर दिया। इस दौरान हुई आतिशबाजी से पूरा विजयनगरम हॉल रोशन हो गया।यह कार्यक्रम विशेष रूप से केवल महिला शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था। विजियानागराम हॉल की खूबसूरती को चार चांद लग गए जब आसमान में शानदार पटाखो की रोशनी से भर गया। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव सहित सभी महिला शिक्षिकाओं के साथ प्रांगण में दीये और फुलझड़ी जलाकर धनतेरस की शुभकामनायें दीं। आइये तस्वीरों में देखते हैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की धनतेरस।

सुप्रसिद्ध भजन गायक सूर्या ने हनुमान जयंती पर मचाया धमाल

सूर्या के गानों को सुनने के लिए सिविल लाइन हनुमान मंदिर प्रांगण में जुटे रहे हजारों भक्त

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। हनुमान जयंती के अवसर पर मुंबई से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक सूर्य कुमार दुबे उर्फ सूर्या व उनका राधे राधे ग्रुप ने मिलकर मंदिर के प्रांगण में राम नाम की धूनी जमा दी पूरा सिविल लाइन धार्मिक वातावरन में गूंज उठा सूर्या जी ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाया जैसे...,दुनिया में देव हजारों है बजरंग बली का क्या कहना,जय हो तुम्हारी हे बजरंग बली, हे दुख भंजन मारुति नंदन मंगल भवन अमंगल हारी जैसे तमाम सुपर हिट भजन सुनाकर हनुमान जी की धून पे खूब नचाया और ताली बजवाई। सूर्या जी को 2016, 2018 में तथा 2021 में तीन बार प्रयाग गौरव रत्न मिल चुका है,मुंबई में रहते हुए भी प्रयाग की महिमा से बहुत लगाव रखते हैं।दुबे जी का मुंबई में एक स्थापित कलाकार है। टी सिरीज जैसे तमाम कंपनियों से सैकड़ों एल्बम रिलीज है। अंत में मंदिर के प्रबंधक मिश्रा जी ने सबका सम्मान किया। मुख्य अतिथि, महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी, बी के कश्यप जी और मनीष धर दुबे जी ने आभार व्यक्त किया।

उल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

प्रयागराज । पांच दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को हनुमान जयंती श्रद्धा, उल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर घरों-मंदिरों में पवन सुत हनुमान का भव्य श्रृंगार, पूजन किया गया। शंख, ध्वनि के बीच भक्तों ने पूजन-अर्चन कर बजरंगबली को फल, पुष्प, नैवेद्य अर्पित किया। मंदिरों में संगीतमय भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया। जगह-जगह हुए भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। बड़े हनुमान मंदिर में महंत बलवीर गिरि ने आरती, पूजन किया। हनुमान जी का बहुरंगी पुष्पों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। पंडित अजय याज्ञनिक ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में पं. सच्चिदानंद मिश्र के सानिध्य में अनुष्ठान पूजन किया गया। रामबाग हनुमान मंदिर, न्यायविद हनुमान मंदिर, राजापुर हनुमान मंदिर, दारागंज हनुमान मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन किया गया।

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

प्रयागराज। कर्नलगंज के सलोरी में रहने वाली पूनम (28) ने शनिवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। मायकेवालों ने दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। मृतका भदोही की रहने वाली थी और पांच साल पहले उसकी शादी सलोरी निवासी जयशंकर सरोज से हुई थी। जयशंकर सब्जी विक्रेता है। शनिवार देर रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद पूनम नाराज होकर अपने कमरे में चली गई। बहुत देर तक बाहर नहीं आने पर परिजन उसे बुलाने पहुंचे तो वह फांसी पर लटकी मिली। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव मर्चरी भेजवाया। उधर जानकारी पर पहुंचे मायकेवालों ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। कर्नलगंज इंस्पेक्टर राममोहन राय ने बताया कि मायकेवालों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पति को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

यूपी मेट्रो में जेई के 109 पदों पर होगी भर्ती, बीटेक डिग्री वालों को बाहर करने पर अभ्यर्थी नाराज

प्रयागराज। यूपी मेट्रो की ओर से जूनियर इंजीनियर (जेई) के 109 पदों पर भर्ती होने जा रही है, लेकिन इसमें बीटेक की डिग्री वाले अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया गया। अभ्यर्थी इससे नाराज हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है।जेई के 109 पदों में सिविल के 43, इलेक्ट्रिकल के 49 और सिग्नल एंड टेली कम्युनिकेशन के 17 पद शामिल हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछली भर्तियों में बीटेक वालों को मौका दिया गया था। वर्ष 2015 में 70 पदों, 2018 में 93 पदों और 2019 में 115 पदों पर हुई भर्तियों में बीटेक के छात्र शामिल हुए थे, लेकिन इस बार अभ्यर्थियों का बाहर कर दिया गया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीटेक वालों को बाहर कर गुणवत्ता के साथ समझौता किया जा रहा है। वैसे भी रोजगार का संकट है और अभियंता संवर्ग में भर्तियां बहुत कम हो रहीं हैं। ऐसे में बीटेक अभ्यर्थियों को मौका न देकर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, केंद्र सरकार के अधीन रेलवे, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज, सीपीडब्ल्यूडी जैसे विभागों में बीटेक अभ्यर्थियों को भर्ती के लिए अर्ह माना जाता है। यूपी मेट्रो अभ्यर्थियों को बाहर कर नियमों का उल्लंघन कर रहा है। ऐसे में यूपी मेट्रो की जेई भर्ती में भी बीटेक वालों को मौका मिलना चाहिए।

असहाय गरीब भी खुशी से मनाएं दीपावली का पर्व : धीरेंद्र सिंह

थाना प्रभारी ने आधा दर्जन गांवो में असहाय गरीबों को बांटे दीपावली के उपहार

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। असहाय गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी खुशी से दीपावली का पर्व मना सकें। इसके लिए थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह ने आधा दर्जन गांवों के असहाय गरीबों को दीपावली के उपहार भेंट कर उन्हें पर्व की जहां शुभकामनाएं दी वहीं दीपावली पर्व पर जलने वाले दीप, लाई, गट्टा, खिलौने, पटाखे छुरछुरिया आदि का वितरण किया। जिन असहाय गरीब परिवारों में थाना प्रभारी ने दीपावली के सामग्रियों का वितरण किया। उन परिवारों के प्रत्येक बच्चों को भी उपहार भेंट कर उन्हें खुशियों के माहौल में दीपावली पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने कहा कि असहाय गरीबों व निराश्रितों की मदद करने से बढ़कर दूसरा कोई पुनीत कार्य नहीं है। असहाय गरीब भी हर्षोल्लास के माहौल में अपना त्यौहार मनाए इसके लिए समाज के संपन्न लोगों को उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए।जिससे ऐसे परिवारों में भी दीपोत्सव पर्व दीपावली का त्यौहार मनाया जा सके। जिन गांवो में थाना प्रभारी ने सामग्रियों का वितरण किया उनमें महुली, संसारपुर, अंतरेजी, पियरी, रामपुर कनईहा समेत कई गांव शामिल है।

गरीबों की बस्ती में उजाला करती निशा

प्रयागराज। शहर की प्रख्यात समाज सेविका निशा मिश्रा वा महिला साथियों ने पंच पर्व के अवसर पर मलिन बस्ती में जाकर गरीबों को दीपक मिठाईयां वाह बच्चों को खिलौने तथा पटाखे वितरित कर खुशियां बांटने का काम किया निशा मिश्रा ने बताया कि उच्च वर्ग को यह सोचना ही पड़ेगा की गरीबों के घर में भी खुशियों का उजाला होना ही चाहिए।

मंत्री नन्दी और मेयर ने मलिन बस्तियों के बच्चों को मॉल में करवाई दीपावली की शॉपिंग

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज अपने शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मलिन व दलित बस्तियों के 350 से अधिक बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया. मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ ही प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने आज सिविल लाइंस स्थित सिटी कार्ट मॉल में बच्चों को शॉपिंग करवाई। फर्श से अर्श तक पहुंचे नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी पिछले कई वर्षों से गरीब परिवार के बच्चों के साथ दीपावली मनाते चले आ रहे हैं। मंत्री नन्दी ने अपने विधान सभा क्षेत्र के चौक मंडल की सात, कीडगंज मंडल की 12, मीरापुर मंडल की 8, मुट्ठीगंज मंडल की 8, नैनी मंडल की 15 बस्तियों के साथ ही विशाल संकल्प संस्था के बच्चों को कार से लेकर मॉल में पहुंचे। प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा के करीब 180 परिवार के बच्चों ने दीपावली की खरीददारी की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नन्दी ने जरुरतमंद बच्चों को कपड़े के साथ ही जूते-चप्पल, खिलौने व गरीब महिलाओं को तोहफे में साड़ियां दी. दिवाली की मिठाईयां भी बच्चों को दिलवाई गई। दिवाली के गिफ्ट पाकर बच्चे खूब खिलखिलाए भी।कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी पिछले कुछ वर्षों से हर घर रोशनी, हर घर दीपावली मुहिम शुरू कर रखी है। जिसके तहत वे अपने विधानसभा क्षेत्र शहर दक्षिणी के विभिन्न बस्तियों में रह रहे गरीब परिवार के बच्चों को दीपावली की शॉपिंग कराने के बाद ही दीपावली का त्यौहार मनाते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने सिविल लाइंस स्थित सिटी कार्ट बाजार में मलिन और दलित बच्चों को दिवाली की शॉपिंग करवाई। मॉल में बच्चे अपने पसंद की चीजें ढूंढते नजर आए। गरीब परिवार के बच्चों के साथ दिवाली मनाने का यह अंदाज दिल को छूने वाला था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि दिवाली खुशियों और मिठास का त्योहार है। बच्चों के साथ इस तरह से दिवाली मनाना बेहद सुखद एहसास है। मेयर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने भी बच्चों को शॉपिंग करवाने के बाद उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दी।

गरीब और अनाथ बच्चों के साथ पुलिस ने मनाई दिवाली

प्रयागराज्। पुलिस अफसरों ने रविवार को शहर के गरीब और अनाथ बच्चों के साथ दिवाली मनाई। आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी शैलेश पांडेय एक संस्था की मदद से रविवार दोपहर में परेड मैदान पहुंचे। वहां पर गरीब बच्चों को उपहार देकर उनके साथ दिवाली की खुशियां बांटी। गिफ्ट पाकर बच्चों का चेहरा खिल उठा। वहीं पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को उपहार दिए गए। इस दौरान एडीजी जोन प्रेम प्रकाश और डीएम संजय खत्री भी मौजूद रहे। अफसरों ने पुलिस लाइन में बच्चों के साथ पटाखे जलाए। इसके अलावा थानों की पुलिस ने अपने इलाकों में अनाथ बच्चों की मदद की। कैंट पुलिस अनाथालय जाकर वहां के बच्चों को मिठाई और उपहार बांटे। इसी तरह सिविल लाइंस, मुट्ठीगंज और पूरामुफ्ती पुलिस ने भी बच्चों को उपहार देकर उनके साथ खुशियां बांटी।

भारत एकता संघ के तत्वावधान में मनाया गया प्रकाश पर्व

वर्तमान भारत में बुद्ध एवं मानव विषय पर बौद्धाचार्यों ने डाला प्रकाश

रत्योरा। बुद्ध भारत एकता संघ कोरांव के तत्वावधान में अंबेडकर नगर सरदार पटेल तिराहा लेडियारी रोड कोरांव पर प्रकाश पर्व मनाया गया। भगवान गौतम बुद्ध के अनुयायियों एवं बौद्धाचार्यों ने वर्तमान भारत में बुद्ध एवं मानव विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने गौतम बुद्ध के द्वारा बताए गए मार्गों पर चल कर उनके विचारों को आत्मसात करते हुए बौद्धावलंबी बनने पर जोर दिया। अप्प दीपो भवः समारोह के आयोजन में बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा किए गए धर्म प्रचार प्रसार व अन्य कार्यों का बखान भी किया गया। समारोह में उपस्थित अनूपा आदिवासी ने समाज के लोगो से छुआछूत धर्म जाति और मजहब से ऊपर उठकर संविधान की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी संविधान में निहित हक एवं अधिकारों की चर्चा नहीं हो रही है जिससे पिछड़ा एवं वंचित समाज आज भी अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है। समारोह को प्रमुख रूप से मनोज कुमार, शेषमणि, संपूणानंद, मुकेश कुमार, गुलाबचंद, राजेश कुशवाहा, राधेश्याम कुशवाहा, रामनारायण मौर्या, बाबा सिंह, राम कुमार कुशवाहा, पंचम लाल, रामबाबू मिश्र आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। समारोह में लोक गायक गुरुदेव राय व सुनील लहरी ने गीतों के माध्यम से बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह का सफल संचालन बुद्ध भारत एकता संघ के संस्थापक डॉ अनिरुद्ध कुमार ने किया।

खबर संक्षेप

परिजनों के साथ दीपावली मनाएंगे डिप्टी सीएम

कौशाम्बी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सोमवार 24 अक्टूबर को कौशाम्बी आएंगे और परिजनों के साथ दीपावली का पर्व मनाएंगे उक्त जानकारी जिला सूचना अधिकारी कार्यालय ने दी है उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को सिराथू स्थित अपने आवास पर आयेंगे जहां आवास में परिवार के लोगो से मुलाकात कर दिवाली मनाएंगे सयारा स्थित सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के लिए रुकेंगे आगे के कार्यक्रम बाद में निर्धारित होंगे

पूर्व चेयरमैन की मां का निधन

भरवारी कौशाम्बी नगर पंचायत भरवारी के पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद केसरवानी उर्फ काले की मां गेंद कुमारी उम्र 95 वर्ष पत्नी रामेश्वर प्रसाद केसरवानी दरोगा की लम्बी बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया अपने पीछे वह भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है उनका अंतिम संस्कार दीपावली के दिन सोमवार की सुबह 10 बजे गंगा नदी के किनारे संदीपन घाट में किया जाएगा पूर्व चेयरमैन की मां के निधन की जानकारी मिलते ही उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा लगने लगा है और लोग शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं

जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकता मिला बन्दी का शव

अखंड भारत संदेश

क्या पिंटू की मौत भी पूर्व में जेल के भीतर हुई मौत की तरह रहस्य बन कर रह जाएगी, अनुसूचित जाति की बालिका ने पिंटू पर रेप का आरोप लगाया था

बंदी की मौत के बाद अंतिम संस्कार में मौजूद ग्रामीण और पुलिस

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के नौबस्ता के रहने वाले बंदी पिंटू उम्र 24 वर्ष पुत्र कुँवारे का जिला जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से फांसी से लटकता शव मिला है बंदी का शव मिलने से जेल में हड़कम्प मच गया जिला अस्पताल लाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया है अनुसूचित जाति की बालिका ने पिंटू पर रेप का आरोप लगाया था इसी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार करके पिंटू को जेल भेजा था जहां बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से पिंटू की मौत हो गई है पिंटू की मौत के बाद उसके शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पोस्टमार्टम से शव वापस आने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है पिंटू की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है जेल के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से पिंटू के फांसी पर लटकने के सवाल पर अधिक जानकारी देने से जेल प्रशासन इंकार कर रहा है अब सवाल उठता है कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पिंटू पेड़ तक कैसे पहुंचा उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और जेल प्रशासन उसकी आत्महत्या को रोक नहीं सका या फिर पूर्व की तरह जेल में बंद कैदियों को मौत के घाट उतारा गया है इस सवाल के जवाब पर जेल प्रशासन जवाब देने को तैयार नहीं है जिससे जेल प्रशासन पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं पूर्व में जेल के भीतर हुई मौत के मामले रहस्य बनकर रह गए हैं क्या पिंटू की मौत भी पूर्व में जेल के भीतर हुई मौत की तरह रहस्य बन कर रह जाएगी

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते नौ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा चार अभियुक्तों दीपक कुमार पुत्र चंदीलाल विपिन केशरवानी पुत्र बनारसीलाल निगण वार्ड नं0 9 कस्बा अझुआ थाना सैनी ननका बर्मा पुत्र केशरीप्रसाद अग्निवेश पाण्डेय पुत्र वेदप्रकाश निवासीगण वार्ड नं0 2 कस्बा अझुआ राकेश रैदास पुत्र केशन जितेंद्र रैदास पुत्र राजकरन केशनलाल पुत्र स्व0 बोडीलाल लतीक अहमद पुत्र स्व0 अजीज उदीन राजकरन रैदास पुत्र स्व० बोडीलाल निवासीगण वार्ड नं0 1 कस्बा सिराथू थाना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 2760 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 1730 रुपये बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

न्यूज झरोखा

सड़क हादसे में सिपाही घायल चायल सीएचसी में भर्ती

चायल कौशाम्बी पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव के समीप बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में एक सिपाही घायल हो गया है स्थानीय लोगों ने घायल सिपाही को मौके से उठा कर चायल सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी में कांस्टेबल के पद पर तैनात राम कुमार गुप्ता सिपाही किसी काम से पिपरी थाने गए थे पिपरी थाने से वह बाइक से वापस पुलिस चौकी लौट रहे थे जैसे ही सिपाही मुरादपुर गांव के पास पहुंचे की विपरीत दिशा में आ रहे बाइक सवार से कांस्टेबल की बाइक में टक्कर हो गयी टक्कर लगते ही सिपाही सड़क पर गिरकर घायल हो गए हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गए स्थानीय लोगों ने सिपाही को उठाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद चौकी प्रभारी भी फोर्स के साथ घायल सिपाही का हालचाल लेने अस्पताल पहुंचे है

औपचारिकता बनकर रह गयी है फागिंग

कौशाम्बी डेंगू की महामारी से रोकथाम के लिए सरकार के निर्देश पर कराए जाने वाली फॉगिंग व्यवस्था पूरी तरह से औपचारिकता बनकर रह गई है जिससे मच्छरों की संख्या कम होती नहीं दिख रही है ताजा मामला नगर पंचायत चरवा का है नगर पंचायत चरवा में व्याप्त गंदगी की साफ सफाई कर उसको उठाने के बजाय कूड़े के ढेर में फागिंग करने के बाद नगर पंचायत के कर्मी फोटो खिंचवा कर फागिंग की सफलता का ढिंढोरा पीट रहे हैं नगर क्षेत्र के लोगों ने नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी से सवाल उठाया है कि इस तरह की गंदगी के ढेर से डेंगू जैसी भयानक बीमारी जन्म लेती है कूड़े के ढेर की सफाई कराने के बाद यदि फागिंग कराई जाती तो शायद डेंगू के मच्छर से बचाव होता नगर के लोगों का कहना है कि गंदगी के ढेर में औपचारिकता कर मच्छर पर रोकथाम नहीं लगाई जा सकती यह केवल सरकारी बजट हजम करने का तरीका खोजा गया है नगर के लोगों ने कहा कि अधिशासी अधिकारी ने योजना को मजाक बना कर रखा है और इस तरह की पॉलिथीन जैसे गंदगी को उठाने के बजाय फागिंग करवाते हैं चरवा चौराहे से भरवारी रोड से लगभग चौराहे से 200 मीटर की दूरी पर श्रवण मेडिकल स्टोर के बगल में नाला और उसके आसपास गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है लेकिन अधिशासी अधिकारी को नगर क्षेत्र की गंदगी नहीं दिखाई पड़ रही है

भाई के हत्यारे को बहन ने छत्तीसगढ़ पुलिस से कराया गिरफ्तार

चार दिन पहले सौतेले भाई की कुल्हाड़ी से काट कर की थी हत्या

कौशाम्बी जिले के मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र के अनेठा गांव में चार दिन पहले मामूली बात पर सौतेले भाई ने भाई फैयाज की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी,हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था,शनिवार को हत्यारा आमिर अपनी बहन के घर छत्तीसगढ़ पहुंचा गया।आमिर की बहन ने छत्तीसगढ़ पुलिस को इसकी सूचना दे दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारे आमिर को गिरफ्तार कर लिया और कौशाम्बी पुलिस को इसकी सूचना दी।सूचना के बाद कौशाम्बी पुलिस आमिर को कौशाम्बी लाने की तैयारी में जुट गई है

कोखराज थाना क्षेत्र में दो पक्षों में खूनी संघर्ष दर्जनों लोग घायल

अखंड भारत संदेश

सोलर लाइट की रोशनी घुमाने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

कोखराज कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र में सोलर लाइट की रोशनी घुमाने को लेकर शनिवार की रात 8:00 बजे दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया,लड़ाई में दोनो पक्षों के लोगो ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडों से हमला किया है मारपीट में किसी का सिर फटा तो किसी का हाथ टूट गया है दोनो पक्षों के दर्जनभर लोग घायल हो गए है सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा है कुछ घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहा उनका इलाज किया गया। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मकदूमपुर काजी गांव में दो दिन पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा सोलर लाइट लगवाई गई थी शनिवार की रात्रि 8:00 बजे सोलर लाइट की रोशनी हलीम अपनी तरफ घुमा रहा था,सोलर लाइट घुमाने को सलमान ने मना किया मामूली बात देखते देखते विवाद में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे जिसको लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया,घटना में सलमान का सिर फट गया उसकी मां और बहन को गंभीर चोट आई है,वही दूसरे पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग चोटाहिल हुए है। घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मूरतगंज पी एच सी भेजा हालत गंभीर होने पर कई घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जहा उनका इलाज किया गया।इंस्पेक्टर कोखराज तेज बहादुर सिंह चंदेल ने बताया की मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़ गए है हमले में सलमान ,फतिमा बानो,हबीब उल्ला और दूसरे पक्ष के कलीम अहमद,हलीम अहमद,मेरु,मोनू,सैफ आदि लोगो को चोट आई है।सभी को अस्पताल भेजा गया है

स्पोर्ट्स स्टेडियम में 27000 मोमबत्तियों से ट्रैक को किया गया रौशन

कौशाम्बी जिला स्टेडियम में शनिवार को ट्रैक पूजा का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों को एक अलग ही नजारा देखने को मिला। पूरे ग्राउंड को 27000 मोमबत्ती से रोशन किया गया था। इस दौरान खिलाड़ियों के साथ अधिकारियों ने ग्राउंड में ट्रैक पूजा किया।मंझनपुर तहसील के गौसपुर टिकरी स्थित जिला स्टेडियम में इस बार पूरे ग्राउंड को 27000 मोमबती से रोशन किया गया। वही ग्राउंड में ट्रैक की पूजा अधिकारियों और जिला क्रीड़ा अधिकारी रुस्तम खान ने किया। ट्रैक में खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग फील्ड दशार्या गया है।जैसे जूडो ट्रैक, बास्केटबॉल, कुश्ती, एथलेटिक, क्रिकेट, गोला हेमा डिस्कस भाला और जिमनास्टिक के ट्रैक मोमबती द्वारा बनाया गया। जिससे देखने में हर ग्राउंड का नजारा अलग दिख रहा था, ऐसे लग रहा था कि खिलाड़ियों के लिए ग्राउंड अलग-अलग बने हुए हैं। ऐसे नजारा देख कर खिलाड़ी उत्साहित हो रहे थे। जिले में ऐसे नजारा देखने को पहली बार मिला। डा अरुण केसरवानी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

विराट दंगल मैदान में पहलवानों के बीच हुई रोचक कुश्ती पहलवान मुकेश यादव झूसी बने अखाड़ा चैंपियन

अखाड़े की कुश्ती देखने के लिए इलाके के हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी

अखंड भारत संदेश

कुश्ती देखने के लिए उमड़ा जनसमूह

कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के मदूकी गांव में दंगल मैदान में कुश्ती का आयोजन किया गया जहां 2 दर्जन से अधिक रोचक कुश्तिया हुई अखाड़े की कुश्ती देखने के लिए इलाके के हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी अखाड़ा चैंपियन मुकेश यादव झूंसी पहलवान बने प्रथम चैंपियन जिन्हें इनाम देकर अखाड़ा कमेटी ने उनका हौसला बढ़ाया अन्य पहलवानों की जीत पर उन्हें नगद और सामान उपहार में देकर उनका हौसला बढ़ाया गया अखाड़ा के आयोजन में उमाशंकर यादव , रामचंद्र यादव ,लल्ला यादव ,लवकुश यादव ,लल्लू सिंह यादव ,दिलीप कुमार पाडेय के देखरेख में आयोजित किया गया है जहां इलाके के पहलवानों के साथ-साथ दूसरे जिले के भी तमाम नामी पहलवानों ने कुश्ती में हिस्सा लेकर दंगल को रोचक बनाया अखाड़ा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव व चरवा नगर पंचायत के तमाम सम्मानित लोग लालजी वर्मा ,रवि मिश्रा ,अजीत कुमार यादव ,ललाई निर्मल , उत्तम सिंह यादव, उमा शंकर लेखपाल सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे

राम भरत मिलाप के साथ दो दिवसीय दशहरा मेले का समापन

मेला प्रमुख अजय सोनी ने मेले में घूम घूम कर लिया मेले का जायजा

दहीन मेला में दर्शक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी सिराथू ब्लॉक के उदहिन बुजुर्ग बाजार में आयोजित दो दिवसीय दशहरा मेला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम एवं भरत मिलाप के साथ मेला संपन्न हो गया। रावण वध के बाद भगवान श्रीराम जी माता सीता एवं भाई लखन लाल के साथ वनवास में 14 साल गुजार कर पुष्पक विमान से वापस अयोध्या पूरी लौटे। साथ में हनुमान जी और तमाम वानर सेना साथ में अयोध्या पूरी पहुँची जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। जैसे ही भरत जी को प्रभु श्रीराम के आगमन की सूचना मिली, वे नंगे पांव उनसे मिलने दौड़े और उनके दर्शन मिलते ही भरत जी उनके चरणों में गिर पड़े। उनके साथ सीता माता के चरणों की भी भरत जी ने वंदना की। इस अवसर का दृश्य बेहद कारुणिक रहा। भरत जी द्वारा भगवान श्रीराम जी एवं माता सीता जी की सुंदर आरती की गई एवं श्रीराम जी द्वारा भरत जी को गले लगाने की पहल पर दोनो भाई जोर से एक दूसरे से गले लिपटकर भावविभोर हो गए। मेले के अंतिम दिन मेले में भारी भीड़ रही और लोगों ने मेले में भारी खरीददारी की। साथ ही प्रयागराज से आई हुई झांकी के कलाकारों ने सुंदर झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही मेले में सुंदर लाइट और साउंड की व्यवस्था भी मनमोहक रही। पुलिस प्रशासन के लोग भी मेले में पूरी तरह से मुस्तैद रहे। इस अवसर पर मेला प्रमुख अजय सोनी ने मेले में अपने कार्यकताओं के साथ मेले मे घूम घूम कर मेला का जायजा लिया। इस अवसर पर श्रीचंद्र केसरवानी, बृजेंद्र तिवारी, दशरथ प्रधान, डॉ राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र तिवारी, डॉ अरविंद मौर्य, जीतू केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

दशहरा देख रही बेकसूर भीड़ पर पुलिस ने बरसाई लाठियां

तीन दिन पहले भरवारी कस्बे में मेला के दौरान भी पुलिस के जवानों ने साउंड बजाने पर साउंड मालिक को पीट दिया था

मेला देख रही भीड़

कौशांबी नगर पंचायत करारी के दशहरा के अंतिम दिन रविवार की सुबह 8:00 बजे आकर्षक चौकियों के प्रदर्शन को देखने के लिए इलाके के लोगो की भीड़ लगी थी चौकी के कलाकार नृत्य कर रहे थे इसी बीच अचानक थाना पुलिस फोर्स के साथ भीड़ के बीच पहुंची और बेकसूर दर्शको पर लाठियां बरसाने लगी जिससे मेला देख रही भीड़ तितर-बितर हो गई प्रभु श्री राम के जीवन की कथा देखने वालों ने कौन सा गुनाह कर दिया है इस मामले में थाना पुलिस कोई उत्तर देने को तैयार नहीं है जिस सड़क पर चौकी का प्रदर्शन कलाकार कर रहे थे वह कस्बे के भीतर की सड़क है वहां पर भीड़ लगने से आवागमन भी बाधित नहीं होता है लेकिन अचानक मेला की बेकसूर भीड़ पर पुलिस के लाठियां बरसाने के बाद पुलिस पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं जिनका जवाब थाना पुलिस के पास नहीं है अचानक मेला की भीड़ पर लाठियां बरसा देने से नगर के लोगों के बीच पुलिस के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है तीन दिन पहले भरवारी कस्बे में मेला के दौरान भी पुलिस के जवानों ने साउंड बजाने पर साउंड मालिक को पीट दिया था जिससे पूरे मेले के समय साउंड मालिक ने साउंड नहीं बजाया पुलिस के इस बर्ताव के चलते भरवारी का भी मेला फीका रह गया है लेकिन मेले में बेकसूर दर्शको पर लाठी बरसाने वाली पुलिस और साउंड मालिक को पीटने वाले पुलिसकर्मियों पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है

तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कपिल सिंह चौहान पुत्र भैयालाल निवासी लकोड़ा थाना पश्चिम शरीरा को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना छह भैय्यन की मजार ग्राम शहजादपुर के पास से अभियुक्त विपिन सोनकर पुत्र रामबाबू सोनकर निवासी मलाक निनदुरा थाना सैनी व अजय पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम जैदपुर उनहन थाना थरियाव जनपद फतेहपुर को पिकअप पर लोड चोरी के तार के बडलों के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

फतेहपुर में रेल दुर्घटना के बाद कई ट्रेनें हुई प्रभावित

भरवारी,सिराथू स्टेशन पर कई घंटे से खड़ी है एक्सप्रेस ट्रेन,यात्री परेशान

भरवारी स्टेशन पर खड़ी ट्रेन

भरवारी कौशाम्बी हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के फतेहपुर जिले के मलवा रेलवे स्टेशन के पास रविवार को दिन में मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से हावड़ा दिल्ली रेल मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है इलाहाबाद स्टेशन से चलने वाली ट्रेनें भरवारी और सिराथू रेलवे स्टेशन पर कई घंटे खड़ी रह गई हैं जिससे रेल यात्री हलकान है ट्रेन हादसे में मालगाड़ी के दो दर्जन डिब्बे पटरी से उत्तर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं दुर्घटना के बाद ट्रेन के डिब्बों के पहिए दूर दूर तक छिटक गए।हादसे के बाद हावड़ा दिल्ली के दोनो रूट का यातायात बाधित हो गया। ट्रेन हादसे के बाद कौशाम्बी जिले के भरवारी सिराथू रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेन खड़ी कर दी गई,हादसे के बाद ट्रेनों के छोटे स्टेशनों पर खड़ी हो जाने से यात्री परेशान हो रहे हैं उन्हें खाने-पीने के सामान भी नहीं मिल रहा है वही जिन महिलाओं के छोटे बच्चे है वह दूध और अन्य समान के लिए परेशान दिख रही है भरवारी रेलवे स्टेशन पर जोधपुर एक्सप्रेस पिछले कई घंटे से खड़ी है जिससे यात्री परेशान है बहुत से ऐसे यात्री ट्रेन में सवार होकर यात्रा कर रहे थे जो अपने घर पर दीपावली का त्योहार मनाने जा रहे थे लेकिन मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद रेल लाइन बाधित होने से यात्री ट्रेन में ही फंसे रहे

कोखराज कोतवाल के साथ ग्राम प्रधान ने बच्चों के बीच बांटी मिठाई पटाखे मोमबत्ती

कोखराज कौशांबी दीपावली का पर्व गरीबों के घर भी खुशियों के साथ मनाया जाए उन्हें त्योहार पर दिक्कत है ना हो इसलिए योगी सरकार ने गरीब बस्तियों में मिठाई आतिशबाजी मोमबत्ती आदि वितरण करने का निर्देश दिया है सरकार के निर्देश के बाद पुलिस अफसर सक्रिय हुए और गरीब बस्तियों में मिठाई आतिशबाजी मोमबत्ती का वितरण किया गया है पुलिस के पहल के बाद दीपावली का पावन पर्व गरीबों के घर में भी खुशियों से मनाया जा रहा है इस बात का निर्देश योगी सरकार ने जिले के अफसरी को भेजा है सरकार के निर्देश पर कोखराज कोतवाल और ग्राम प्रधान रमेश मौर्या खोखरा क्षेत्र के कई गांव के गरीब बस्ती में बच्चों के पास पहुंचे हैं और दीपावली की पूर्व संध्या पर गरीब बच्चों को मिठाई आतिशबाजी और मोमबत्ती देकर उन्हें खुशी से दीपावली के त्यौहार मनाने की बधाई दी है

मनौरी में जाम के झाम से परेशान आम जनता

अखंड भारत संदेश

मनौरी में लगा जाम

मनौरी कौशाम्बी मनौरी कस्बे का जाम लाइलाज होता जा रहा है पुलिस और तहसील के अधिकारी भी जाम की बिकराल समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नही दिखाई पड़ रहे है जिससे आम जनता रोज परेशान हो रही है मनौरी बाजार में रोज लगने वाले बिकराल जाम के चलते नोकझोंक और बहस आम बात हो गयी है कभी कभी नौबत मारपीट तक आ जाती है लेकिन उसके बाद भी इस गंभीर लाइलाज समस्या के स्थायी समाधान के प्रति अधिकारियों ने ठोस कदम नही उठाया है जिससे किसी दिन अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता पिपरी थानांतर्गत मनौरी बाजार में वर्षो से प्रतिदिन लाइलाज जाम लगा रहता है जिससे लोगो को आने जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है जिसका सबसे बड़ा कारण मनौरी बाजार के दुकानदार सड़क से सटा कर दुकान लगा लेते है और तो और दोनो सड़क के बीचों बीच भी अपनी दुकान का सामान दुकानदार रख देते है जिस कारण राहगीरों को आने जाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है मजाल है कि दुकानदारों के सड़क पर रक्खे सामान को हटाने के बाबत राहगीर कुछ भी बोल दे तो यदि दुकानदार से राहगीर ने सामान हटाने को कहा तो वह बिना मार खाए बच नही सकता सड़क के बीच में समान रखने के चक्कर में अक्सर दुकानदारों में भी आए दिन मारपीट गाली गलौज होना आम बात हो गयी है ,अगर संबंधित अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिए तो किसी दिन बड़ी घटना होने से कोई रोक नहीं सकता लेकिन उसके बाद भी अधिकारी गम्भीर नही है

छोटी दीपावली पर बाजारों में लोगों ने की बम्फर खरीदारी

पूजा के सामग्री के अलावा लावा, चूरा व खरीदे पटाखे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दीपावली को लेकर आज बेल्हा की बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। चैक घंटाघर, ठठेरी बाजार, पंजाबी मार्केट, अम्बेडकर चैराहा, स्टेषन रोड, भंगवा चुंगी आदि में सजी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखती गई।

शनिवार की शाम धनतेरस शुरू होने के बाद कुछ लोग बर्तन नहीं खरीदे थे। वे आज सुबेरे से ही बर्तन की दुकान पर पहुंचने लगे थे। इसके अलावा गणेष लक्ष्मी की मूर्तियां 100 रुपये से लेकर 500 रुपये तक बिकी। बिजली की दुकानों पर इलेक्ट्रानिक गणेष लक्ष्मी हजार रुपये के ऊपर बिकी। सबसे ज्यादा बिजली की दुकानों पर भीड़ झालर व विद्युत सामानों को खरीदने वालों की थी। चैक क्षेत्र में गणेष लक्ष्मी, लावा, चूरा आदि की दुकानों पर लोग खरीदारी करते दिखाई दिये। सबसे ज्यादा भीड़ चैक क्षेत्र में दिखाई दी। इसके अलावा बच्चों के फुलझरी व पटाखे इस बार चैक में नहीं मिले। जिला प्रषासन ने भीड़-भाड़ इलाकों से पटाखे की दुकान को रामलीला मैदान व केपी कालेज के मैदान में कर दिया था, इसलिये लोगों को पटाखा खरीदने के लिये रामलीला मैदान व केपी कालेज के मैदान में जाना पड़ा। पटाखे की दुकानों पर बच्चे ज्यादातर रोषनी के सामान खरीद रहे थे। इस बार दगने वाले पटाखे विभिन्न नामों से बनाये गये हैं। लोग इन्हें भी ध्यान से देख रहे थे। भीड़ की वजह से पूरे शहर में जाम का नजारा दिखा। मोटरसाइकिल चलाने वाले लोगों को भी जाम की परेषानी से जूझना पड़ा।

बाजार में पूजा की सामग्री खरीदते लोग।

वाट्सअप पर दिन भर चला शुभकामनाओं का संदेश

प्रतापगढ़। धनतेरस के दिन से ही एक दूसरे को शुभकामना देने का दौर वाट्सअप पर चल रहा है। आज रविवार को छोटी दीवाली तथा सोमवार को दीपावली का संदेष वाट्सअप पर आने लगे हैं। लोग सुबह से ही वाट्सअप पर अपने प्रियजनों का संदेश पढ़ते देखे गये।

डाक्टरों ने असहाय छात्रों संग मनाई दिवाली, उपहार में दिया बैग और स्टेशनरी

बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर हुआ वितरण समारोह

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जरूरतमंद छात्रों की पढ़ाई में मददगार बनकर आए मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने उन्हें दिवाली पर्व पर बैग और स्टेशनरी का तोहफा दिया है। जिसे पाकर छात्र काफी खुश नजर आए। भंगवा गांव में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क स्टडी सेंटर पर रविवार को आयोजित बैग वितरण समारोह में बतौर शिरकत करने आए मेडिकल कालेज के हड्डी सर्जन डाक्टर सचिन कुमार की तरफ से बैग और बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर अनिल कुमार के सहयोग से स्टेशनरी का वितरण किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कालेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज ने कहा कि दिवाली पर्व को शांति पूर्वक मनाया जाय। छात्रों की पढ़ाई में कोई कमी नहीं होगी। कार्यक्रम में डाक्टर सचिन, अनिल, प्रदीप, प्रभात और राकेश शर्मा का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जान मोहम्मद ने की। संचालन स्टडी सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। समारोह में अंश विश्वकर्मा, दामिनी, नैंसी, निखिल, साहिल, साहिबा, हिमाशु, शिवम, रागिनी समेत काफी छात्र छात्राओं को बैग दिया गया।

छात्रों संग दीपावली की खुशियां मनाते चिकित्सक व अतिथिगण।

दीपावली पर आज आयेंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी आज दीपावली पर दिन में ढाई बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में समारोहपूर्वक दीप प्रज्जवलित करेंगे। इसके बाद वह अपरान्ह साढ़े तीन बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पहुंचेगे। यहां वह पार्टी कार्यकताओं व स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद श्री तिवारी सायं पांच बजे पैतृक गांव संग्रामगढ़ में दीपावली पर आयोजित परम्परागत कार्यक्रम मे शामिल होंगे। इधर सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक एवं यूपी कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रकाश पुन्जों के पर्व दीपावली को राष्ट्रीय समृद्वि तथा सामाजिक न्याय के लिए आगे बढ़ने का शाश्वत संदेश कहा है। एमपी प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने कहा कि दीप मालाओं के इस पवित्र पर्व पर हमे सत्य की राह पकड़कर धर्म के मार्ग पर बढ़ते हुए विकास तथा शांति के माहौल को मजबूत बनाये जाने का सकंल्प लेना चाहिए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

जिला कारागार में हुआ जागरुकता शिविर का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेल में निरुद्ध बंदियों को विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट/जेल विजिटर ने बंदियों के विधिक अधिकारों एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्ली बार्गेनिंग के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

जेल में निरुद्ध ऐसे बंदियों को जिनके मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं हैं या जो बंदी आर्थिक कठिनाई के कारण अपने मुकदमों की पैरवी नहीं करवा पा रहे हैं ऐसे बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता दिलाये जाने तथा बंदियों की जेल अपील के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता रूप नारायण सरोज ने बंदियों को उनके संविधानिक अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हे जागरुक किया। इस अवसर पर जेल में चयनित पी एल वी को बताया व समझाया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप में प्राप्त करके उनके आवेदन पत्र रजिस्टर में अंकित करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराये जिससे बन्दियों को उनके मुकदमे की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर जेलर राजेश कुमार पाण्डेय, उप जेलर अफताब अंसारी, उप जेलर सुनील कुमार द्विवेदी सहित जेल में चयनित पी एल वी उपस्थित रहे।

पीसीएस टॉपर अतुल को सांसद प्रमोद तिवारी ने किया सम्मानित

राज्यसभा सदस्य ने कहा कि प्रतापगढ़ की मेधा से जिले को मिली गौरवपूर्ण उपलब्धि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार की शाम यूपी पीसीएस के हाल ही मे घोषित परीक्षा परिणाम में प्रदेश के टॉपर मेधावी के घर पहुंचकर सारस्वत सम्मान से प्रतिभा को नवाजा। जिले के चांदपुर गोसाई का पुरवा निवासी अतुल सिंह ने यूपी पीसीएस-2021 की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढाया है।

कांग्रेस सांसद एवं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने अतुल सिंह को प्रदेश में प्रतापगढ़ के मान सम्मान तथा गौरव को बनाने के साथ जिले का मस्तक ऊंचा करने के लिए सम्मानित किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने मेधावी अतुल सिह की इस उपलब्धि को प्रतापगढ की मेधाशक्ति के लिए एक और स्वर्णिम क्षण कहा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पीसीएस टॉपर अतुल सिंह को मिठाई खिलाकर खुशी को साझा किया। वहीं अतुल सिंह को सांसद प्रमोद ने माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। अतुल सिंह जी के पिता श्री ओम प्रकाश नारायण सिंह, पत्नी सावित्री सिंह एवं बड़े पिता श्री जय प्रकाश नारायण सिंह, भाई अनिल सिंह से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए स श्री तिवारी ने अतुल सिंह के उज्ज्वल एवं सफल प्रशासनिक भविष्य की भी मंगलकामना सौंपी। श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षा तथा संस्कृति व आध्यात्म के क्षेत्र में प्रतापगढ़ का नाम सदैव समय समय पर अतुल सिंह जैसी प्रतिभाओं की मेधाशक्ति की बदौलत प्रदेश तथा देश दुनिया में रोशन होता आ रहा है। उन्होंनें जिले की मौजूदा प्रतिभाओं को अतुल सिंह की सफलता से प्रेरणा लेते हुए कहा कि वह ज्ञान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतापगढ़ के यश और गौरव को आगे बढाने में मजबूत संकल्प हासिल करें। सांसद प्रमोद तिवारी के पीसीएस टॉपर के घर पहुंचने पर परिवार तथा गांव के लोगों के चेहरे पर भी खुशी देखी गयी। इस मौके पर प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद प्रमोद के सदर विधानसभा क्षेत्र प्रतिनिधि डा. नीरज त्रिपाठी, पं. श्यामकिशोर शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शहर अध्यक्ष इरफान अली, पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, पूर्व शहर अध्यक्ष कपिल द्विवेदी, सरोज कश्यप, वेद तिवारी, पूर्व प्रधान घाटमपुर धीरेन्द्र सिंह ,डा. अजय सिंह, जमुना पाण्डेय, उत्सव भूषण पाल, राम रतन तिवारी, अभय तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला, रंजीत तिवारी, पंकज मिश्रा, मकसूद, रियाज, सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल आदि रहे।

पीसीएस टॉपर अतुल को सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

ब्लाक कालाकांकर दो ग्राम पंचायत में अभी तक फांगिंग हो सकी

परियावां, प्रतापगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए ग्राम पंचायतों के खाते में दवा के छिड़काव के लिए दस हजार भेजने की बात कही जा रही है लेकिन अभी तक ब्लाक कालाकांकर की दो ग्राम पंचायत हिनाहू व मुरस्सापुर में ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी व श्री मती संगीता देबी ने ग्राम विकास अधिकारी रविशंकर सोनकर की देखरेख में दवा का छिड़काव मशीन द्वारा कराया गया बाकी अन्य गांवों में अभी तक दवा का छिड़काव नही हो सका।इस बाबत पूछें जाने पर सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि जल्द ही बाकी गाँव मे दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति हुए घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति दुर्घटना में चुटहिल हो गये। रविवार को रामगढ़ रैला थाना लालगंज निवासी महेश 28 पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अपनी पत्नी विमला के साथ बाइक से रानीगंज कैथौला की ओर से घर आ रहा था। सुबह करीब ग्यारह बजे नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी के बेलहा मोड़ पर अज्ञात कार ने बाइक की टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार महेन्द्र व उसकी पत्नी विमला घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा से स्थानीय ट्रामा सेंटर ले आया गया।

महिला की पिटाई को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में एक नामजद आरोपी के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के सलेमभदारी निवासी स्व0 राजाराम की पत्नी शिवकुमारी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि पन्द्रह अक्टूबर को रात ग्यारह बजे गांव के आकाश सरोज ऊर्फ पप्पू उसके दरवाजे पर आये और गाली देने लगे । विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की तथा उसके लड़के रंजीत का कपड़ा फाड़ दिया। आरोपी ने घरेलू सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिया । शोर मचाने पर आरोपी पीड़िता को जानलेवा धमकी देते चला गया।

दीपावली पर शहीदों के नाम एक दीप जलाने का लें संकल्पः श्याम लाल

विश्वकर्मा मंदिर पर एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नगर पंचायत मानिकपुर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर धनतेरस पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम विश्वकर्मा समाज द्वारा एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहीदों के प्रति लोगों की भावना को जोड़ने के लिए मंदिर परिसर में 1151 दीप जलाए गए। इस दौरान भारत माता की जयकारे से मंदिर परिसर गूंजता रहा।

विश्वकर्मा समाज के लोगों ने दीप जलाने के साथ ही देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। एक साथ हजारों दीप से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी श्याम लाल विश्वकर्मा ने आम आवाम से शहीदों के नाम एक दीप जलाकर उन्हें नमन करने की अपील करते हुए कहा कि वीर सैनिकों की बदौलत ही हम अमन और चैन के साथ दीपावली मनाते हैं, देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के नाम एक दीप जलाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर पूरा देश भारतीय सेना के जवानों के लिए दीपावली पर्व पर एक दीप जला कर दुआएं करेगा तो सीमा पर जवानों की रक्षा ईश्वर जरूर करेंगे। मंदिर अध्यक्ष राम लखन विश्वकर्मा ने कहा कि देश के सजग प्रहरियों के चलते ही हमारे आत्म सम्मान की रक्षा होती है। देश की सुरक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को ऐसे अवसरों पर जरुर याद करना चाहिए। इसलिए दीपावली पर्व पर सभी लोग निश्चित रूप से एक दीप शहीदों के नाम जलाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली में शहीदों के नाम दीप जलाकर हम उनके परिवार को संबल प्रदान कर सकते हैं। इसके पूर्व पंडित जगदेव प्रसाद ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन कराया इस मौके पर सेवानिवृत्त लेखपाल राम लखन, विनोद गुरु जी, सभासद राजू विश्वकर्मा, बड़कू विश्वकर्मा, छेदी लाल विश्वकर्मा, फूलचंद विश्वकर्मा, कुलदीप कुमार, विजय विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

शहीदों की याद में दीप जलाते अतिथिगण।

दिव्यांग बच्चों संग एलायंस क्लब ने मनाई दिवाली

दिव्यांग बच्चों को दिये गये विभिन्न उपहार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर दिव्यांग स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिव्यांग बच्चों को दीपावली के अवसर पर विभिन्न उपहार देकर खुशियां बांटी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्यांगजन अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी रहे और कहा कि दीपावली का त्यौहार इन बच्चों के साथ मनाने में बहुत ही खुशी मिलती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि दीपावली के त्यौहार पर इन दिव्यांग बच्चों की खुशियों में कमी ना रह जाए इसके लिए क्लब सदैव तत्पर रहता है। उसी क्रम में आज दीपावली के अवसर पर दिव्यांग बच्चों को लाई, चुरा, खिलौना, गट्टा, रसमलाई आदि देकर बच्चों के साथ दिवाली का त्यौहार मनाया। बच्चों को उपहार देकर मिट्टी के दिए जलाने का आग्रह किया गया।

रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों के बिना हम कोई त्यौहार नहीं मनाते हैं। हर त्यौहार के पहले मैं इन दिव्यांग बच्चों के बीच अपने को पाकर मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं और सभी के सहयोग से इन बच्चों में कोई कमी ना रह जाए इसके लिए सदैव प्रयत्न करता रहता हूं। उपहार पाकर बच्चों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा उन्हें यह एहसास नहीं हो रहा था कि हम अपने घर पर नहीं है।

इस अवसर पर संतोष कुमार, सत्यनारायण, देवानंद, छेदीलाल, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, मेघा खंडेलवाल आदि रहे। आभार ज्ञापन प्रधानाचार्य प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा किया गया।

दिव्यांग बच्चों को उपहार देते अतिथिगण।

फसलों के बचाव के लिये बीज शोधन एवं भूमि शोधन अवश्य कराएं

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 अश्विनी कुमार सिंह ने बताया है कि फसलों को प्रतिवर्ष खरपतवारों एवं रोगों, कीटों तथा चूहों आदि से 15 से 20 प्रतिशत की क्षति होती है जिसमें लगभग 33 प्रतिशत खरपतवार, 26 प्रतिशत रोगों, 20 प्रतिशत कीटों, 7 प्रतिशत भण्डारण के कीटों, 6 प्रतिशत चूहों तथा 8 प्रतिशत अन्य कारक सम्मिलित है। खरपतवारों के बाद सबसे अधिक क्षति रोगों द्वारा होती है।

उन्होंने कहा कि रोगों से होने वाली क्षति महामारी का रूप ले लेती है और इनके प्रकोप से शत प्रतिशत फसल नष्ट हो जाती है। फसलों में रोग बीज, मृदा, वायु तथा कीटों द्वारा फैलते है। बीज जनित/भूमि जनित रोगों से आगामी बोयी जाने वाली फसलों के बचाव हेतु बीज शोधन का अत्यधिक महत्व है। बीज शोधन द्वारा फसल की रोगों से सुरक्षा कर अधिक पैदावार ली जा सकती है जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। इसी प्रकार अनेक प्रमुख कीटों की प्रावस्थाए व भूमि जनित रोगों के कारक भूमि में पाये जाते है जो फसलों को विभिन्न प्रकार से क्षति पहुँचाते है, प्रमुख रूप से दीमक, सफेद गिडार, कटवर्म, सूत्रकृमि, लेपीडाप्टेरस आदि अनेक कीटों तथा फफूँदी/जीवाणु/रोगों के भी भूमि जनित कारक प्रावस्थाए भूमि की संरचना के अनुरूप मिट्टी में पाये जाते है जो अनुकूल परिस्थितियों में पौधे की विभिन्न प्रावस्थाओं को सर्वमित कर फसल उत्पादन में बाधक बन हानि पहुँचाते है। इस कीट व्याधियों की रोकथाम हेतु कृषि रक्षा रसायनों का आवश्यकतानुसार प्रयोग करना पड़ता है।

अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की हुई मौत

घरों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजवाया

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। दीपावली के त्यौहार के पहले तीन तीन मौतों से इलाके में सनसनी फैल गयी। अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत को लेकर रविवार को भी प्रभावित घरों में कोहराम का माहौल देखा गया।

लालगंज कोतवाली के जलेशरगंज बाजार में दीवाल साफ करते समय एक मजदूर की गिर कर मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के कौड़िया डीह निवासी कन्हैया लाल गौतम (45) पुत्र अमरनाथ जलेशरगंज बाजार में स्थित शम्भू नाथ केशरवानी की राइस मिल में शनिवार को दीवाल साफ करने के लिए ऊपर चढ़ा था अचानक कन्हैया का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। इसके चलते उसे सिर में गम्भीर चोटे आ गयी। कन्हैया की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी फूलमती ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद परिजन मृतक का शव घर उठा ले गये। तहरीर में मृतक की पत्नी ने कहा है कि उसके पति को राईस मिल के मुंशी ने दीवाल साफ करने के लिए ऊपर चढ़ाया था इसलिए मौत का कारण संदिग्ध है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में ले लिया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल भी पहुचे। पुलिस न मृतक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। वही दूसरी घटना शनिवार को शाम सात बजे लालगंज कोतवाली के ही बभनपुर गांव में हुई। ग्राम प्रधान के टैज्क्टर पर सवार गांव के राम कुमार वर्मा (40) पुत्र बाबूलाल वर्मा की दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतक ट्रैक्टर पर बैठ कर आ रहा था कि अचानक गांव के समीप मवेशियों के झुंड ट्रैक्टर के सामने आ जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढें में गिर गया। इससे दबकर राजकुमार की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया है। तीसरी दुर्घटना सांगीपुर थाना क्षेत्र में भी हुई जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोपेड सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के थरिया गांव निवासी महदेव यादव का इकलौता पुत्र आशाराम (30) मोपेड से शनिवार की रात सांगीपुर बाजार जा रहा था। देउ चैराहे के समीप अचानक एक बाइक की टक्कर में आ गया। आशाराम गम्भीर रूप से चुटहिल हो गया। इलाज के लिए उसे सांगीपुर सीएचसी भेजा गया। हालात गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गयी। घायल युवक अपने पीछे पत्नी सीमा तथा पुत्र साहिल (140 व समर (80 तथा पुत्री साक्षी (10) को अनाथ छोड़ गया है। तीन तीन मौतों का लेकर दीपावली के पहले घरों में बुझे चिराग से मृतकों के परिजन रविवार को चीख पुकार में देखे गये।

आठ पहिए वाली ट्राली को देखने उमड़ी भीड़

एमबीए के छात्र की टेक्निक का इस्तेमाल कर कंपनी ने बनाई इन्वर्टर की ट्राली

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कहते हैं हुनर बोलता है। बेल्हा में एमबीए के छात्र की टेक्निक के इस्तेमाल से कंपनी ने इन्वर्टर की ऐसी ट्राली बनाई है, जिसमें आठ पहिए हैं। बाकी ट्रॉली से अधिक समय तक टिकाऊ भी है। ट्राली को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। देवकली का अनुज तिवारी ने बिजली का सामानों की बिक्री करते हैं। देवकली के निकट ही उन्होंने अपनी दुकान खोल रखी हैं। बकौल अनुज वे इन्वर्टर और बैटरी का काम भी करते हैं। ट्राली का बिजनेस करने की सूझी। उन्होंने अपने दिमाग से एक ऐसी ट्रॉली डिजाइन की जिसमें आठ पहिए हों।

नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव तो हर हाल में लडेंगे: शानू गुप्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। व्यापारी नेता/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने कहा कि जनता के बीच सर्वे करा लिया जाये, तो भाजपा उन्हें ही नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का टिकट देगी। कोई कुछ भी कहे, वह तो हर हाल में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव जनता के बूते लडेंगे ही।

रविवार को व्यापारी नेता/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने एक भेंट में कहा कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सभी भाजपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जनता के बीच सर्वे करवा लें तो टिकट उन्हें ही मिलेगा। ये बात भी जोरदार ढंग से कही कि अब तक उन्हें यूज एण्ड थ्रो ही समझा गया है। अब वह भी मंजे हुए खिलाडी की भांति सबकुछ समझ गये हैं। वह किसी के इशारे पर इस्तेमाल

नहीं होंगे। जनता को ही फैसला करना है कि उन्हें कैसा अध्यक्ष चाहिए। जनता का शोषण करने वाला या सेवा करने वाला।

शानू गुप्ता ने खुलकर कहा कि उनकी कालोनी की सडक व बिजली के पोल लगवाने का दावा करने वाले ये बात न भूलें कि सड़क व बिजली के पोल लगाने का प्रस्ताव पूर्व ईओ लालचन्द्र सरोज के कार्यकाल में ही पास हो गया था। ऐसे में उन पर एहसान लादने वाले इस भ्रम में कतई न रहें कि उनका किसी ने कोई सहयोग किया है। वह सहयोग का बदला सहयोग से देना भलीभांति जानते हैं। जनता ने उन्हें सहयोग किया तो वह जनता के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे। किसी तरह की एरिस्टोक्रेसी उनके अन्दर नहीं है। न वह अभिजात्य तंत्र में विश्वास रखते हैं। उनका विश्वास तो जनता के बीच में है। जनता का हर फैसला उन्हें मान्य होगा।

पंचकोसी परिक्रमा से मिलता लोगों को रोजगार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दीपावली अमावस्या मेला में पंचकोसी परिक्रमा भी आकर्षण का केंद्र है। हजारों तीर्थयात्री इस दुर्गम परिक्रमा को प्रतिवर्ष करते आ रहे हैं। जंगल मे मंगल नजर आता है और दर्जनों ग्रामीणों को रोजगार मिलता है।

रविवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा गणेशबाग से सिद्धपुर गांव होते हुए बाकेसिद्ध पहुंचती है। इसके बाद हवाई पट्टी के किनारे से पम्पासुर कोटितीर्थ होते हुए हनुमानधारा से रामघाट पहुंचती है। दशकों से दीपावली में पंचकोसी परिक्रमा जारी है। इस बार भी हजारों की तादाद में तीर्थयात्रियों ने पंचकोसी परिक्रमा की। यह परिक्रमा पहाड़ों की चढ़ाई से शुरू होकर पहाड़ों से ही गुजरती है। गणेशबाग से बाकेसिद्ध के बीच दर्जनों ई-रिक्शा और वाहन चलते नजर आए। बाकेसिद्ध आश्रम पहाड़ के नीचे जंगल में भोग प्रसाद से लेकर टिकिया, चाट, पकौड़ी की दर्जनों दुकानें सजी रहीं। यह दुकानें सिद्धपुर के ग्रामीण लगाते आए हैं। गांव के प्रधान रामकिंकर उर्फ भगतजी ने रास्ते की साफ-सफाई कराई थी। सिद्धपुर के ग्रामीण श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की व्यवस्था करते हैं। अजीत सिंह ने पर्यटन विभाग से बाकेसिद्ध का सुंदरीकरण कराएं जाने की मांग की है। यहां के लगभग तीन सौ मीटर अधूरे मार्ग का डामरीकरण और आश्रम की बगिया में टीनशेड आदि लगवाने की मांग की है।

दीपावली मेला को नौ जोन व 23 सेक्टरों में बांटा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की मौजूदगी में दीपावली मेला शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने की बाबत जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्टेज्ट समेत पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग कर कहा कि यहां बीस से 25 लाख श्रद्धालुओं के आने के आसार हैं। सभी अधिकारी श्रद्धालुओं से विनम्रता से व्यवहार करें, ताकि तीर्थक्षेत्र से श्रद्धालु सुखद अनुभूति लेकर जायें।

रविवार को रामायण मेला परिसर में डीएम अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कहा कि सभी का दायित्व है कि ट्राफिक के बनाये प्लान के अनुसार मेला को सम्पन्न करायें। जिन्हें पास दिये गये हैं, वही वाहन अन्दर प्रवेश करेंगे। किसी भी अफवाह से बचने को सावधानी बरतें। एसडीएम कर्वी को मेला प्रभारी बनाया गया है। कोई समस्या आने पर

उच्चाधिकारियों को बतायें। जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि परिक्रमा मार्ग में गैस सिलेंडरों का निरीक्षण कर देखें कि किसी भी दुकान में गैस सिलेंडर नहीं रहना चाहिए। रामघाट में नाव और नहाने की व्यवस्था की गई है। रामघाट में आरती के समय भीड ज्यादा हो सकती है। संबंधित मजिस्टेज्ट व पुलिस अधिकारी विशेष ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड में भीड बढने पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिये कि छुट्टा पशु मेला क्षेत्र में भ्रमण न करने पायें। एआरटीओ व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले की सीमा पर चेकपोस्ट लगाकर देखें कि ट्रैक्टर-ट्राली में कोई श्रद्धालु न आने पाये। श्रद्धालुओं के आवागमन को पर्याप्त मात्रा में बसें संचालित की गई हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नौ जोन व 23 सेक्टरों में बांटा गया है। ये मेला 22 से 27 अक्टूबर तक निरंतर चलेगा। संबंधित थानाध्यक्ष ध्यान दें कि प्रयागराज बाया कौशाम्बी की ओर से कोई भी ट्रैक्टर ट्राली से श्रद्धालु न आने पाये। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि मेला को सकुशल सम्पन्न कराने को तीन स्थानों पर कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है।

जिले को मिली 21976 बोरी डीएपी खाद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रबी फसलों के लिए डीएपी की रैक कल रात मिल गई है। आज 23 अक्टूबर से सीधे समितियों में भेजकर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जायेगी।

रविवार को डीडीए कृषि राजकुमार ने बताया कि जिले में लगभग एक लाख 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में रबी फसलों की खेती की जाती है।

खरीफ में हुई अनियमित वर्षा से कई क्षेत्रों की फसलें प्रभावित हुई हैं। इसकी प्रतिपूर्ति किसान रबी की फसलों से पूरी करने में लगे हैं। किसानों को समय से खाद-बीज उपलब्ध कराने को जिला प्रशासन प्रयासरत है। जिले में कल रात 21976 बोरी डीएपी खाद आ गई है।

उन्होंने कहा कि सभी किसान भाई अपना आधारकार्ड, मोबाइल नम्बर व खतौनी दिखाकर निर्धारित मूल्य पर डीएपी प्राप्त कर सकते हैं। सभी सहकारी समितियों में मिलेंगी। जिन समिति के सचिव के पास एक से अधिक समिति का प्रभार है, वे क्रमिक रुप से क्षेत्र के किसानों को सूचित कर खाद बांटेंगे। रबी सीजन की बुवाई के समय समिति के पास खाद उपलब्ध है तो अवकाश के दिनों में भी समितियों में किसानों को खाद बांटी जायेगी। उन्होंने बताया कि किसी किसान को खाद न मिले तो वह कंट्रोल रुम के मोबाइल नम्बर 8423128862 व 7839888701 पर सम्पर्क नौ से पांच बजे तक कर सकते हैं।

पुलिस अफसरों ने मेला सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के साथ सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने रामघाट, मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर, परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर दीपावली मेला की व्यवस्था का जायजा लिया।

रविवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने रामघाट, मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर, परिक्रमा मार्ग एवं पार्किंग स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण में दुकानदारों से बात कर परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण न करने के निर्देश दिये। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेककर दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अमावस्या मेला की

बाबत कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मेला में आने वाले वाहनों को चिन्हित पार्किंग स्थलों में खडा कराने को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव को निर्देश दें। निरीक्षण में कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा व प्रभारी यातायात योगेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

उप्र के बस्ती में मार्ग दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

बस्ती (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में मुंडेरवा थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक मार्ग दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की टीम और पुलिस ने रेस्क्यू कर कार में फंसे लोगों को मृत हालत में बाहर निकाला। पुलिस ने दो शवों की शिनाख्त कर ली है जबकि तीन की पहचान नहीं हो पायी है। बताया जा रहा है कि सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। यह हादसा खझौला पुलिस चौकी के पास हुआ है। जहां एक बेकाबू कार (यूपी 32 एल बी 2894) कंटनेर में पीछे से जा टकराई।

भारी तादाद में पुलिस बल तैनात

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने दीपावली मेले में आये पुलिस अधिकारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु के साथ विनम्रता से व्यवहार करते हुए समयानुसार ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद रहें।

रविवार को एसपी अतुल शर्मा ने बताया कि दीपावली मेला ड्यूटी में जिले से चार क्षेत्राधिकारी, बीस निरीक्षक, 45 दरोगा, 170 दीवान/सिपाही, तीन महिला निरीक्षक, 70 महिला सिपाही, दो दरोगा यातायात, आठ आरक्षी यातायात, दो निरीक्षक एलआईयू, चार दीवान एलआईयू, दो फायर टेंडर, दो डाग स्क्वायड और बाहरी जिलों से 12 क्षेत्राधिकारी, 18 निरीक्षक, 145 दरोगा, 480 सिपाही, छह महिला दरोगा, छह यातायात दरोगा, 22 यातायात आरक्षी, छह दरोगा एलआईयू, 18 सिपाही एलआईयू, तीन फायर टेंडर, एक बम डिस्पोजल, दो एस चेक टीम की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने बैठक में मौजूद एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में रामायण मेला परिसर में दीपावली अमावस्या मेला ड्यूटी में आये पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की।

दीपावली मेला में भारी तादाद में पुलिस बल तैनात

जुआ खेलते 6 जुवाड़ी गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 अभियुक्तों को रविवार शाम गिरफ्तार किया।

इनके कब्जे से ताश की गड्डी और 1700 रुपये नकदी रामद हुई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय शाहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के नेतृत्व में रविवार को प्रभारी निरीक्षक शाहगंज एवं हमराही कर्मचारीगण द्वारा ग्राम ताखा पश्चिम के सिवान में जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों मोरेन्द्र मौर्या पुत्र रामलाल मौर्या, रामानन्द भारती पुत्र स्व0 फिरतू भारती, जयप्रकाश भारती पुत्र बालदेव, चन्द्रभान भारती पुत्र हनुमान भारती, शिवपूजन भारती और सूरजभान भारती पुत्र हनुमान भारती निवासीगण ताखा पश्चिम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया।

'ये कैसा प्यार है', भारत-पाक मुकाबले पर ओवैसी का बयान आया सामने

भुवनेश्वर। टी-20 विश्व कप का रोमांच उस वक्त बढ़ने वाला है, जब भारत और पाकिस्तान क्रिकेट के मैदान में आमने-सामने होंगे। होने वाले इस मैच के लिए दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस मैच पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिम (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाए हैं। ओवैसी ने कहा है कि भारत अब पाक के साथ मैच क्यों खेल रहा है।

गौरतलब है कि ओवैसी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 का विवाद छिड़ा हुआ है। इसी मुद्दे को लेकर ओवैसी ने मौजूदा मैच पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, 'अब आप पाकिस्तान के साथ कल ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान से क्रिकेट मैच क्यों खेल रहे हैं? नहीं खेलना था। नहीं, हम पाकिस्तान नहीं जाएंगे, लेकिन उनके साथ

ऑस्ट्रेलिया में जरूर खेलेंगे। क्या है यह प्यार? पाकिस्तान के साथ मत खेलो।'

ओवैसी ने आगे कहा,'पाकिस्तान के साथ मत खेलो। क्या होगा अगर आप पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलते हैं? टेलीविजन के लिए ?2000 करोड़ का नुकसान? लेकिन, क्या ये भारत से ज्यादा मायने रखता है? छोड़ो, मत खेलो मैच। मुझे नहीं पता कि मैच कौन जीतेगा। ,लेकिन मैं ये चाहता हूं कि भारतीय टीम जीत जाए और शमी और मोहम्मद सिराज जैसे हमारे बच्चे पाकिस्तान को कुचलने की पूरी कोशिश करें।÷इसी बीच ओवैसी ने मुस्लिम खिलाड़ियों की ट्रोलिंग के मुद्दे को उठाते हुए कहा,÷अगर भारत जीत गया, तो ये लोग अपनी छाती ठोकेंगे और अगर भारत हार गया, तो ये लोग खोजने लगेंगे कि किसकी गलती है। आपकी दिक्कत क्या है? आपको हमारे हिजाब, हमारी दाढ़ी और हमारे क्रिकेट से भी दिक्कत है।'

गौर हो कि टी20 विश्व कप के सुपर-12 चरण के मुकाबलों का आगाज शनिवार से हो चुका है। भारतीय टीम सुपर-12 चरण में अपना पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने वाली है। इस टूर्नामेंट में भारत के ग्रुप में पाकिस्तान, जिम्बाब्वे, नीदरलैंड, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें शामिल हैं।

कोई भी टीम हमें हरा नहीं सकती अगर हम बिना वजह गलतियां न करें : मनप्रीत सिंह

बेंगलुरु। हरियाणा स्टीलर्स को विवो प्रो कबड्डी लीग सीज़न 9 में एक और नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में यू मुंबा के खिलाफ 31-32 से हार का सामना करना पड़ा।

इस दिल तोड़ने वाली हार पर हरियाणा के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने कहा, हमने बहुत अच्छा खेला, लेकिन खेल हार गए। हमें यह खेल नहीं हारना चाहिए था। हमारी रक्षा इकाई ने बहुत अच्छा खेला। रक्षकों ने बहुत सारे सुपर टैकल किए और बहुत सारे रेडर पकड़े। मुझे लगता है कि जब हमारे रेडर्स को स्कोर करने की जरूरत थी, तो उन्होंने नहीं किया। इसलिए हम मैच हार गए।

मनप्रीत ने आगे कहा, टीम अच्छा खेल रही है, लेकिन हम जीत दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। हमने पूरे मैच में अच्छा खेला, लेकिन छोटी-छोटी गलतियां करते रहे।

यू मुंबा के खिलाफ अपने मैच से पहले, हरियाणा स्टीलर्स ने दबंग दिल्ली केसी के खिलाफ भी एक करीबी मैच गंवा दिया। उस मैच के बारे में पूछे जाने पर मनप्रीत ने कहा, हम दिल्ली के खिलाफ भी अपना खेल जीत सकते थे। लेकिन दिल्ली ने बहुत साहस दिखाया। वे अंत में एक खाली रेड करके खेल

को टाई के साथ समाप्त कर सकते थे, लेकिन नवीन कुमार ने अपनी टीम को जीत दिलाने वाली रेड की।हालांकि, मनप्रीत का मानना है कि हरियाणा की टीम जान बूझकर गलती नहीं करती।

उन्होंने कहा, कोई भी टीम हमें नहीं हरा सकती अगर हम अनजाने में गलतियाँ नहीं करते हैं। अगर टीम एक इकाई के रूप में खेलती है, तो हम एक भी मैच नहीं हारेंगे। खिलाड़ियों को मैट पर एक-दूसरे की क्षमताओं पर विश्वास करने की जरूरत है।

हिमाचल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट रांउड के लिए किया क्वालीफाई

शिमला। हिमाचल क्रिकेट की टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (टी-20) के नॉकआउट रांउड के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नॉकआउट रांउड के मैच 30 अक्टूबर से कोलकाता में खेले जाऐंगे। इससे पूर्व

ग्रुप-डी के लीग दौर में एचपीसीए की टीम के पहले दो मैच रद्द हो गए थे जबकि टीम ने शेष सभी मैच जीतकर नॉकआउट रांउड में अपनी जगह पक्की की है। एचपीसीए ने लीग रांउड में बिहार, सौराष्ट्र, बड़ौदा और नागालैंड के खिलाफ मैच खेले थे जिनमें सभी मैचों में टीम को जीत हासिल हुई है। चारों मैच जीतकर एचपीसीए की टीम 20 अंकों के साथ ग्रुप डी में शीर्ष पर है। हिमाचल की टीम अब एक नवंबर को अपना क्वार्टरफाइनल मैच खेलेगी। उधर इस उपलब्धि के लिए एचपीसीए की ओर से क्रिकेट ऑपरेशन कमेटी के अध्यक्ष आरपी सिंह ने खिलाड़ियों सहित स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए नॉकआउट चरण के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

जुआ खेलते 22 गिरफ्तार

प्रयागराज। थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुआ खेलते 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 63 हजार रुपये और ताश के पत्ते भी बरामद किए।छतनाग चौकी इंचार्ज के साथ एसओजी गंगापार की टीम ने उल्टा किला के पास पानी की टंकी परिसर में रविवार को जुए की फड़ से 15 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 52 हजार रुपये बरामद हुए। चमनगंज चौकी इंचार्ज ने नारायणदास पुरवा तालाब के पास फोर्स के साथ दबिश देकर सात लोगों को जुआ खेलते पकड़ा। इनके पास से 11 हजार रुपये मिले। सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई।

तमंचा सटाकर व्यापारी को लूटा

प्रयागराज। राजरूपपुर में लुटेरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। राजरूपपुर में चौकी इंचार्ज के लाइन हाजिर होने के बाद अभी किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। एक बार फिर से बाइक सवार तीन युवकों ने वहां पर लूटपाट की है। बांदा के रज्जन निषाद 20 अक्तूबर को हनुमान मंदिर राजरूपपुर में कबाड़ खरीदने पहुंचा था। इस दौरान बाइक से तीन युवक पहुंचे। लुटेरों ने रज्जन को तमंचा सटा दिया। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसका मोबाइल, दो हजार रुपये, घड़ी, आईडी और ट्राली भी लूट ले गए। इस वारदात से वहां खलबली मच गई। पीड़ित ने स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी। अब धूमनगंज पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इससे पूर्व एक स्थानीय व्यक्ति से तीन युवकों ने मोबाइल और पर्स लूट लिया था। अभी तक धूमनगंज पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है।

दीपावली : टी 20 विश्व कप का क्रेज, पटाखों की दुकान में बिक रहे भारतीय खिलाड़ियों के नाम के पटाखे

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। दीपावली का पर्व हो और पटाखों की बात न हो, कुछ अधूरा सा लगता है। दीपावली के मौके पर झालर और मिठाई के साथ पटाखे भी धूम मचाने को तैयार हैं। दीपावली पर ईको फ्रेंडली पटाखों के साथ इस बार टी20 विश्वकप का भी खुमार देखने को मिल रहा है। प्रयागराज शहर में पटाखा की दुकानों में भारतीय खिलाड़ियों के नाम के पटाखा भी खूब देखने को मिल रहे है। जो कि बच्चों से लेकर बड़ों तक में

क्रेज देखने को मिल रहा है। पटाखों की कई वैरायटी इस बार बाजार में उतारी गई है। इसमें नए फुलझड़ी से लेकर बड़े-बड़े स्काई शाट शामिल हैं। शौकीन अभी से ही खरीदारी में जुट चुके हैं। संगम नगरी प्रयागराज के नैनी में लगी पटाखों की दुकान में भारतीय खिलाड़ियों के नाम के पटाखे लोगों में खूब धूम मचा रहे है। पटाखों की दुकान में रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, और मोहमद शामी सहित कई भारतीय खिलाड़ियों के नाम के पटाखे देखने को मिल रहे है। जो कि बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए पहली पसंद बने हुए है। इसके अलावा राहुल गोल्डन लायन रोशनी, ,शमी राकेट, विराट बम, रोहित श्री साउंड राकेट, सूर्य कुमार यादव सिलेंडर बम, हार्दिक पांडेय ड्रोन चक्री, के अलावा बच्चों के लिए आगी, लोटो, ऐवेजर्स आदि पटाखे भी बाजार में उतारे गए हैं। अपने मन पसंदीदा खिलाड़ियों के नाम से विक्रय पटाखों को खरीदने के लिए लोग बेहद दिलचस्पी दिखा रहे हैं लोगों का भी मानना है कि टी-20 विश्व कप चल रहा है ऐसे में वह अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के पटाखे खरीद रहे हैं। उधर दुकानदार इस्लाम की बात माने तो उनका कहना है कि टी-20 विश्व कप का क्रेज पूरे देश में है और इस वजह से दिवाली के मौके पर बेहद खास तरीके के पटाखे आए हुए हैं और लोग भी अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के पटाखे खूब खरीद रहे हैं इन पटाखों की खासियत यह है कि इसमें बैरियम नाइट्रेट की मात्रा कम होने की वजह से 70 से 80 फीसदी तक प्रदूषण कम होगा। ताकि त्योहार के साथ-साथ लोग पर्यावरण को नुकसान कम ही होगा।

कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, कौशाम्बी।

"बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं" योजना

बेटी बचाओं व बेटी पढ़ाओं भारत के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऐतिहासिक बेटी बचाओं व बेटी पढ़ाओं योजना की घोषणा 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत में की थी। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं एक ऐसी योजना है। जिसका उद्देश्य लड़कियों की सुरक्षा और उनको समाज में सही स्थान देने की पहल है। इस योजना के अर्न्तगत लोगों की मानसिकता बदलने की कोशिश की जा रही है इसका मुख्य कारण लड़कियों को माँ बाप बोझ समझते है और उनकी भ्रूण हत्या करवा देते है। जो कि समाज की खराब सोच, और मानवता की दयनीय स्थिति को दिखाता है। भारत में हुई जनगणना के अनुसार 2001 में 1000 लड़कों में 927 लड़कियां थी। और यह आंकड़ा 2011 तक सिर्फ 918 हो गया। एक तरफ लोगों की सोच आधुनिक होती जा रही है। लेकिन इस आधुनिक सोच की वजह से लड़कियों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़ रहे है। जिस प्रकार लड़कियों की संख्या हर वर्ष तेजी से गिर रही है इससे ऐसा लगता है कि एक दिन देश में लड़कियों की संख्या न के बराबर हो जायेगी। इसलिये इस दिशा में आगे सोचने की आवश्यकता है इसी के अर्न्तगत यह बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की स्कीम को मा0 प्रधानमंत्री जी ने शुरू की है।

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना क्या है एवं उद्देश्य क्या है:-

- बेटियों को समाज में एक स्थान देना।
- बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- कन्या भ्रूण हत्या को रोकना।
- बेटियों को अच्छी शिक्षा देना।

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना न केवल बेटियों को जन्म से पहले ही मार देने के अपराध भ्रूण हत्या को रोकना है बल्कि बेटियों की सुरक्षा और उनके भविष्य को सुरक्षित करना भी है। आज कल दिन-प्रतिदिन लड़कियों के प्रति बहुत घिनौने अपराध जैसे छेड़छाड बलात्कार, घरेलू हिंसा बहुत तेजी से बढ़ रहे है। इसलिये इसको रोकने के लिये यह प्रयास किया जा रहा है। इससे अपराध को नियंत्रित करने में काफी योगदान होगा।

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के अर्न्तगत दी जाने सुविधायें:-

1. बेटियों की पढाई के लिये आर्थिक सहायता ।
2. यह आर्थिक सहायता जब तक लड़की की पढ़ाई पूरी न हो तब तक दी जायेगी।
3. लड़कियों की शादी के लिये भी इस योजना में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
4. इस स्कीम के द्वारा सबसे ज्यादा फायदा लड़कियों की भ्रूण हत्या कम करने में होगी।
5. साथ ही लड़के एवं लड़कियों के बीच का भेदभाव कम करने में योगदान होगा।

(राजनाथ राम)
जिला प्रोबेशन अधिकारी,
कौशाम्बी।

पत्रांक/606 /जि0 प्रो0/2022-23 दिनांक: 20.10.2022